दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 336 जयपुर, गुरुवार, 16 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- तृतीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

# कांग्रेस की 7 गारंटी का चला जादू

## 156 सीटों पर कांग्रेस की जीत पक्की

• ₹1000 न्यूनतम आय सुरक्षा गारंटी देने वाला राजस्थान अकेला व पहला राज्य • स्वास्थ्य अधिकार के साथ ₹25 लाख की चिरंजीवी देने वाला राजस्थान अकेला व पहला राज्य • पुरानी पेंशन योजना (OPS) • 100 यूनिट फ्री बिजली • 2000 यूनिट फ्री कृषि बिजली • अन्नपूर्णा फूड पैकेट फ्री राशन योजना

## अब कांग्रेस ने राजस्थान की जनता को ये 7 गारंटियां दी हैं

1. **गृह लक्ष्मी गारंटी** इसके तहत परिवार की महिला मुखिया को हर साल ₹10,000 गारंटी से दिए जाएंगे। इससे गृहणियों के श्रम को सम्मान व आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान होगी।

2. **गौधन गारंटी** इसके तहत गौवंशपालकों से ₹2/किलोग्राम गोबर खरीदा जाएगा। इससे पशुपालकों को समृद्धि मिलेगी और खाद निर्माण से कृषि में उन्नति होगी व भूमि की उर्वरता बढ़ेगी।

3. **फ्री लैपटॉप/टेबलेट** इसके तहत राजकीय महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को प्रवेश के समय फ्री लैपटॉप/टेबलेट दिया जाएगा। जिससे शिक्षा व संचार का आधुनिकीकरण होगा तथा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का भाव आएगा।

4. **चिरंजीवी आपदा राहत बीमा** इसके तहत प्राकृतिक आपदा प्रभावित प्रति परिवार को ₹15 लाख तक का फ्री बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। यह बीमा बाढ़, तूफान, अकाल जैसी प्राकृतिक आपदाओं में सुरक्षा कवच बनेगा।

5. **अंग्रेजी माध्यम शिक्षा की गारंटी** इसके तहत हर इच्छुक बच्चे को फ्री इंग्लिश मीडियम शिक्षा का अवसर गारंटी से मिलेगा। जिससे बच्चे देश दुनिया से जुड़ सकेंगे, उनके अवसरों में वृद्धि होगी और अभिभावकों का आर्थिक भार कम होगा।

6. **₹500 का गैस सिलेंडर 1.04 करोड़ परिवारों के लिए** कांग्रेस ने देश के सबसे सस्ते ₹500 की सिलेंडर योजना का विस्तार करने की गारंटी दी है। **अब NFSA परिवारों को भी ₹500 का एलपीजी गैस सिलेंडर दिया जाएगा।**

7. **ओ.पी.एस. गारंटी** ओ.पी.एस. को मजबूत करने हेतु कानून का निर्माण किया जाएगा।

कांग्रेस की स्कीमों व गारंटियों के प्रति जन विश्वसनीयता, **60 लाख** से ज्यादा हुए रजिस्ट्रेशन स्पष्ट रूप से संकेत दे रहे हैं कि फिर से कांग्रेस की हवा चल रही है और कांग्रेस 156 सीट की ऐतिहासिक जीत की चौखट पर खड़ी है।

आप भी मिस्ड कॉल दे कर अपना गारंटी नंबर लें व आने वाली 25 नवंबर को कांग्रेस को वोट कर गारंटियों को एक्टिवेट करें।

**8587070707**

## कांग्रेस की 7 गारंटी यात्रा ने बनाया माहौल

जयपुर जोधपुर कोटा बीकानेर अजमेर भरतपुर उदयपुर

7 गारंटियों को घर-घर तक ले जाने के लिए सात संभागों में गारंटी संवाद व कांग्रेस गारंटी यात्रा की जा रही है। इनमें उमड़ रहा जनसैलाब कांग्रेस की गारंटियों के प्रति जनविश्वसनीयता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।




**25 नवंबर को 7 गारंटी घर लाएंगे, हाथ का बटन दबा कर कांग्रेस फिर से लाएंगे**

जारीकर्ता: राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

## जरूरी खबर

### लाल डायरी को लेकर सीएम पर शेखावत का हमला



**बेधड़क,जयपुर।** लाल डायरी को लेकर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लाल डायरी का मतलब अशोक गहलोत के भ्रष्टाचार का कच्चा चिट्ठा। लाल डायरी का मतलब सत्ता के लिए ख़रीद-फरोख्त की गई। सत्ता ने सिंडिकेट की तरह काम किया। क्रिकेट के चुनाव तक को नहीं बख्शा गया। शेखावत ने कहा कि इतने पर भी जिसने कुर्सी न छोड़ी, उसे क्या अधिकार कि जनता से कहे-फिर बनाओ मेरी सरकार।

### प्रत्याशियों के समक्ष EVM की कमीशनिंग शुरू

**बेधड़क,जयपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में बुधवार को अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रदेशभर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपेट की कमीशनिंग शुरू हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि एम-3 ईवीएम बीयू, सीयू एवं वीवी पेट मशीनों की कमीशनिंग का कार्य बुधवार से राज्य के समस्त जिलों में प्रारंभ हुआ। प्रदेश में पहली बार प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों को सिंबल लोडिंग की प्रक्रिया टीवी मॉनिटर के माध्यम से दिखाई गई। इसको लेकर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बैंग्लूरू के इंजीनियर्स से कमीशनिंग का कार्य करवाया। ईवीएम वीवीपेट मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 4 दिन में पूर्ण होगा।

### कार से 60 लाख रुपए जब्त, इनकम टैक्स को सौंपा



**बेधड़क,जयपुर।** दौसा जिले के लालसोट में पुलिस और एसएसटी टीम ने हरियाणा नंबर कार से 59 लाख 99500 रुपए बरामद किए हैं। कार सवार दो युवकों से राशि को लेकर कोई जानकारी नहीं मिल पाई। वहीं कार्रवाई के बाद कार सवार दो युवकों और बरामद राशि को इनकम टैक्स के हवाले कर दिया गया है। लालसोट थाना अधिकारी नाथूलाल मीणा ने बताया कि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे बड़का पाड़ा इंटरचेंज पर मंगलवार शाम को नाकेबंदी हरियाणा नंबर की कार में यह नकदी मिली। कार में कौशल (41) और अरविंद कुमार (35) सवार थे। जो हरियाणा के गुडगांव के रहने वाले हैं। दोनों गाड़ी में कैश डालकर उज्जैन की ओर जा रहे थे।

**विधानसभा चुनाव में होम वोटिंग का दूसरा दिन,** कल से शुरू होगी सर्विस वोटर के लिए भी मतदान की व्यवस्था

# 600 मतदाताओं ने घर से प्रत्याशियों के भाग्य पर लगाई मुहर

बेधड़क । जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए होम वोटिंग बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रही। होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले 19 नवंबर तक मतदान कर पाएंगे।

राजधानी जयपुर में ऐसे मतदाताओं के घर पोलिंग पार्टियां पहुंची और वोट डलवाए। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि होम वोटिंग के दूसरे दिन बुधवार को जयपुर जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों में 612 मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा प्रदान की गई थी इनमें से 600 मतदाताओं ने मतदान किया। उन्होंने बताया कि झोटवाड़ा



विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 140 मतदाताओं ने मतदान किया। इसके अलावा विराट नगर क्षेत्र में 67, शाहपुरा में 98, चौमूं में 107, आमेर में 111 एवं चाकसू में 77 मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाते हुए अपने घर से ही मताधिकार का प्रयोग किया।

### मतदानकर्मी कल से डाल सकेंगे वोट

विधानसभा आम चुनाव की ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि के द्वारा डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए जयपुर जिले में 67 मतदान बूथ स्थापित बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर 17 से 24 नवंबर तक विभिन्न दिवसों पर मतदान किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जयपुर शहर में बनाए गए प्रशिक्षण केन्द्र पटेल भवन, नेहरू भवन, इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान, महाराजा संस्कृत कॉलेज पोद्दार इंस्टिट्यूट, जवाहर कला केन्द्र, खेतान कॉलेज, कृषि संस्थान दुर्गापुरा, बिरला ऑडिटोरियम एवं कानोडिया कॉलेज में जयपुर जिले की 19 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 17 एवं अन्य जिलों के लिए 10 मतदान बूथ स्थापित किये गए हैं। इसके अलावा जयपुर ग्रामीण में प्रशिक्षण केन्द्र जमवारामगढ़, विराटनगर, कोटपूतली, शाहपुरा, चाकसू, फुलेरा, चौमूं, दूदू एवं बस्सी पर जयपुर जिले की 19 विधानसभा क्षेत्रों हेतु 9 एवं अन्य जिलों के लिए 9 मतदान बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों पर 17 नवंबर से 19 नवंबर तक मतदान किया जा सकेगा।

### पुलिस के लिए यहां वोटिंग व्यवस्था

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सुविधा केन्द्र रिजर्व पुलिस लाइन चांदपोल, पुलिस अकादमी, पुलिस यातायात कार्यालय यादगार, रिजर्व पुलिस लाइन जयपुर ग्रामीण जलमहल, होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर एमआई रोड, आरएसी बटालियन 4वीं एवं 13वीं चैनपुरा एवं आरएसी बटालियन 5वीं घाटगेट में 21 से 22 नवंबर तक मतदान किया जा सकेगा। इन केन्द्रों पर जयपुर जिले की 19 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए 8 एवं अन्य जिलों के मतदाताओं के लिए भी 8 मतदान बूथ स्थापित किये गए हैं। वहीं, मतदान दलों के रवानगी स्थल भवानी निकेतन महाविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी एवं राजस्थान महाविद्यालय में 24 नवंबर तक चुनाव ड्यूटी में नियोजित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मतदान किया जा सकेगा। इन सुविधा केन्द्रों में मतदाता की स्वयं की विधानसभा के लिए 3 एवं अन्य जिलों के मतदाताओं के लिए 3 मतदान बूथ स्थापित किये गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि इन सुविधा केन्द्रों के अतिरिक्त प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी स्वयं के कार्यालय में एक सुविधा केन्द्र 22 से 24 नवंबर तक स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

**भाजपा के बड़े नेता प्रदेश में करेंगे** ताबड़तोड़ दौरे और जन सभाएं

# नड्डा आज खोलेंगे चुनावी पिटारा कर सकते हैं कई बड़ी घोषणाएं

बेधड़क । जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार को पार्टी घोषणा-पत्र जारी करेंगे। संभावना है कि भाजपा द्वारा घोषणा-पत्र में कई लोक लुभावनी घोषणाएं की जाएंगी। हालांकि अभी तक यह सामने नहीं आ पाया है कि बीजेपी के पिटारे में क्या-क्या शामिल किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें आम आदमी को राहत देने वाली कई बड़ी घोषणाओं को शामिल किया गया हैं।

वहीं दिवाली के बाद राजस्थान में चुनाव प्रचार को धार देने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई भाजपा के राष्टीय नेता प्रत्याशियों के लिए प्रचार-प्रसार में जान फूकेंगे। सूत्रों के अनुसार पार्टी सूबे में अपने प्रचार अभियान को तेजी से गति देगी। मंगलवार को एमपी और छत्तीसगढ़ में चुनावी प्रचार में ब्रेक लगने के बाद अब पार्टी की नजर राजस्थान पर है। ऐसे में चुनाव प्रचार के अतिंम सप्ताह में भाजपा अपने स्टार और शीर्ष नेताओं को पूरी दमखम से प्रदेश में उतारेगी।





### आज शाह टोंक और राजसमंद में भरेंगे हुंकार

गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को टोंक के देवली, राजसमंद के चारभुजा और भीम में रैलियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में आमजन से मतदान की अपील करेंगे। शाह की सभा के लिए स्थानीय नेताओं ने तैयारी पूरी कर ली है। वहीं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पीपल्दा, केशोरायपाटन, केकड़ी और पुष्कर में जनसभा करेंगे। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ पांच दिन तक प्रदेश में प्रचार का मोर्चा संभालेंगे। वहीं 18 नवंबर को भरतपुर, नागौर और 20 नवंबर को पाली में पीएम मोदी की जनसभा प्रस्तावित है।

### राजधानी में नितिन गडकरी करेंगे प्रचार

राजधानी जयपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। वे बस्सी में एक और रैली को संबोधित करेंगे। विद्याधर नगर में एक रोड शो का नेतृत्व करेंगे। इसी तरह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी जयपुर के सिविल लाइंस निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करेंगी। वह उसी विधानसभा क्षेत्र में एक महिला सम्मेलन को भी संबोधित करेंगी।

### दिवाली स्नेह मिलन में होगी किसान चौपाल

प्रदेश में सभी जिलों में दीपावली स्नेह मिलन समारोह में बीजेपी के सभी मेयर अपने वार्डों में की वोटर्स के साथ चर्चा करेंगे। सभी जिला प्रमुख जिला परिषद वार्डों में किसान चौपाल करेंगे। सभी प्रधान पंचायत में जनसंपर्क करेंगे और लाभार्थियों की बैठक लेंगे। कुल मिलाकर दिवाली के बाद बीजेपी पूरे आक्रामक तरीके से चुनाव प्रचार अभियान को आगे बढ़ाएगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### असम और उत्तराखंड के CM भी आएंगे

असम सीएम हेमंत बिस्वा सरमा भी तीन दिन तक राजस्थान के दौरे पर रहेंगे। उत्तराखंड सीएम पुष्कर धामी दो दिन प्रदेश में चुनाव प्रचार करेंगे। जबकि केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह चार दिन तक राजस्थान में पार्टी की आवाज बुलंद करेंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का दो दिन राजस्थान में प्रवास रहेगा। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और अर्जुन राम मेघवाल 16 से 23 नवंबर तक जनसभा करेंगे। दोनों नेताओं की रोजाना तीन से चार सभाएं में होगी। जबकि हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर श्रीगंगानगर में दो जनसभा करेंगे।

**16 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी**

# सीएम गहलोत ने अजमेर में दिखाई कांग्रेस की गारंटी यात्रा को हरी झंडी



बेधड़क । जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को अजमेर संभाग की गारंटी यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गारंटी यात्रा यात्रा अजमेर संभाग के विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। इसके अलावा गारंटी यात्रा के दौरान प्रदेश के सातों संभागों की 16 विधानसभाओं में 30 गारंटी संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे।

गारंटी यात्रा जयपुर संभाग के सीकर में राजेन्द्र पारीक, फतेहपुर में हाकम अली, अजमेर संभाग के अजमेर उत्तर में महेंद्र सिंह रावलोत, अजमेर दक्षिण में द्रोपदी कोली, बीकानेर संभाग के सांगरिया में अभिमन्यु पूनिया, पीलीबंगा में विनोद गोठवाल, सूरतगढ़ में डूंगरराम गेदर, जोधपुर संभाग के बिलाड़ा में मोहनलाल कटारिया, लूणी में महेंद्र विश्नोई के समर्थन में प्रचार-प्रसार करेंगी। इसके साथ ही उदयपुर संभाग के गढी में शंकरलाल, घाटोल के प्रत्याशी नानालाल निमाना, प्रतापगढ़ के रामलाल मीणा, भरतपुर संभाग के सपोटरा में रमेश चन्द्र मीणा, खंडार में अशोक और कोटा संभाग के पीपल्दा में चेतन पटेल और सांगोद में कांग्रेस प्रत्याशी भानुप्रताप सिंह के समर्थन में यात्रा होगी।

### 22 नवंबर तक करेगी 4400 किमी की दूरी तय

कांग्रेस की गारंटी यात्रा 22 नवंबर तक 4400 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 7 संभागों की 140 विधानसभाओं सीटों में जाएगी जहां पर गारंटी संवाद, रोड शो और सभाएं आयोजित होगी। इस दौरान कांग्रेस द्वारा घोषित सात गारंटी योजना का रजिस्ट्रेशन व कार्ड वितरित किए जाएंगे, अब तक 50 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस गारंटी यात्रा में कांग्रेस के बड़े नेता व स्टार प्रचारक भी हिस्सा लेंगे।

**भाजपा का एकमात्र** मुस्लिम चेहरा भी अब कांग्रेस के साथ

# वाजपेयी और भैरोंसिंह शेखावत की जो भाजपा थी वह अब नहीं है: पठान

बेधड़क । जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी को तगड़ा झटका लगा है। पहले युनूस खान और अब बीजेपी के एकमात्र मुस्लिम चेहरे अमीन पठान कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

अमीन पठान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष रहे हैं। बुधवार को अमीन पठान के साथ कई पार्षदों और भाजपा पदाधिकारियों ने भी कांग्रेस की सदस्यता ली। पीसीसी के वॉर रूम में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अमीन पठान और उनके समर्थकों को कांग्रेस की सदस्यता दिलवाई। अमीन पठान ने कहा कि उन्होंने 25 साल भाजपा में काम किया। अटल बिहारी वाजपेयी और भैरोंसिंह शेखावत की जो भाजपा थी, वह अब नहीं रही। आज जो नारा है, सबका साथ, सबका विकास यह पहले दिखता था, आज नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर और गरीबों की भाजपा में अनदेखी हो रही है, इसलिए भाजपा को छोड़ा।



**जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में** राज्यपाल ने कहा...

# युवा प्रतिभाओं को मिलें अधिक अवसर

बेधड़क । जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि जनजातीय समुदाय को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करने की आवश्यकता है। जनजातीय समुदाय भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ा समाज है। राष्ट्र के लिए उनका जो योगदान रहा है, उसे बड़े स्तर पर रेखांकित करने के भी अधिकाधिक प्रयास होने चाहिए।

राज्यपाल ने आदिवासी कला, संस्कृति व शिल्प वैभव से जुड़े कार्यों और प्रकृति संरक्षण से जुड़ी उनकी परंपराओं को संरक्षित करने के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाने का आह्वान किया। मिश्र बुधवार को राजभवन में जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग की ओर से आयोजित जनजातीय गौरव दिवस और सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के उत्थान और उनके विकास की सामूहिक सोच को केंद्र में रखते हुए देश में 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया है।



मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति क्षेत्र के लोगों का काफी योगदान रहा है। इस योगदान के अनछूए पहलुओं को भी अधिकाधिक सामने लाने के प्रयास होने चाहिए। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के लोगों से संवाद कर उनके अतीत के गौरव को उजागर करने, वहां शिक्षा के प्रभावी प्रसार और उनके कल्याण की योजनाओं के व्यावहारिक क्रियान्वयन के लिए सार्थक प्रयास किए जाने पर जोर दिया। इससे पहले मिश्र ने जनजातीय क्षेत्र के उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने बाद में उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित वनधन विकास केंद्रों, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के उत्कृष्ट कर्मियों, जनजातीय कलाकारों, जनजाति विभाग के विद्यालय और आवासीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं तथा मां-बाड़ी केंद्रों के चयनित स्वास्थ्य और शिक्षाकर्मियों को जनजातीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया।

**पार्टी के प्रत्याशी की खिलाफत का असर**

# भाजपा-कांग्रेस ने बागी हुए दिग्गज नेताओं को दिखाया बाहर का रास्ता

बेधड़क । जयपुर

प्रदेश के विधानसभा चुनावों में पार्टी के खिलाफ बगावत करने वालों पर अब सख्त रुख अपनाया जा रहा है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने कई दिग्गजों के खिलाफ अनुशासनहीनता पर कार्रवाई करते हुए पार्टी से बाहर कर दिया है।

इसमें भाजपा ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विधायक कैलाश मेघवाल को अनुशासनहीनता के मामले में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की अनुशंसा पर राजस्थान भाजपा के प्रदेश अनुशासन समिति अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत ने बुधवार को आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश में लिखा है कि विधानसभा चुनाव-2023 में भाजपा के प्राथमिक सदस्य रहते हुए मेघवाल शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं, जो कि पार्टी के अनुशासन के खिलाफ है। नामांकन दाखिल करने के बाद भी पार्टी ने नामांकन वापस लेने के लिए आग्रह किया था, लेकिन मेघवाल बगावती तेवर दिखाते हुए मैदान में डेट रहे। इसके चलते पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया।

### राजे के खास युनूस खान और आक्या भी हुए पार्टी से बाहर

इनके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नजदीकी रहे और डीडवाना से चुनाव लड़ रहे युनूस खान, चित्तौडगढ़ से चन्द्रभान सिंह आक्या, पूर्व मंत्री और खंडेला से बागी हो चुनाव लड़ रहे बंशीधर बाजिया, सांचौर से जीवाराम चौधरी, सूरतगढ़ से राजेन्द्र भादू, लाडपुरा से भवानी सिंह राजावत, सवाईमाधोपुर से आशा मीना, अनूपगढ़ की पूर्व विधायक शिमला बावरी पार्टी, झुंझुनूं से राजेंद्र भांबू, बस्सी से जितेन्द्र मीना सहित तीन दर्जन से ज्यादा नेता, कार्यकर्ता शामिल हैं। वहीं कोटपूतली से मुकेश गोयल, राजसमंद सीट से निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश बड़ाला, जालोर से पवनी मेघवाल, पिलानी से कैलाश मेघवाल, पुष्कर से अशोक सिंह रावत (आरएलपी में शामिल हुए), कपासन से दिनेश बुनकर, ब्यावर से महेन्द्र सिंह रावत और इन्दर सिंह बागावास, बाड़मेर से प्रियंका चौधरी, शिव से रविन्द्र सिंह भाटी, डग से रामचन्द्र सुनारीवाल, गंगापुरसिटी से सीएल सैनी और गोपाल भाई, अजमेर उत्तर सीट से ज्ञानचंद सारस्वत और कुंदन वैष्णव को भी अनुशासन समिति ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इनके अलावा पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने पर श्रीडूंगरगढ़ के पूर्व विधायक किसनाराम नाई, श्रीडूंगरगढ़ देहात के पूर्व महामंत्री नितिन नाई, पूर्व पार्षद आशीष जाड़ीवाल, महिला मोर्चा की पूर्व महामंत्री विमला उपाध्याय पर भी अनुशासन का डंडा चलाते हुए बाहर किया है। नितिन और आशीष पूर्व विधायक किसनाराम नाई के पोते हैं। सांचौर के जिला मंत्री पवन मेघवाल, सीकर के उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल सहित सात अन्य का भी निष्कासन हुआ। इनमें जिले के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी शामिल हैं।

### कांग्रेस ने 49 बागियों को पार्टी से किया निष्कासित

वहीं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ बगावत कर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे नेताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित करने के आदेश जारी किए है। पार्टी ने बागी होकर चुनाव लड़ रहे विधानसभा क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ से जौहरीलाल मीना, राहुल कुमार मीना, शीला मीना, पुष्कर से डॉ. श्रीगोपाल बाहेती, श्रीगंगानगर से करूणा, अशोक चाण्डक, नगर से डॉ. गोविन्द शर्मा, सादुलशहर से ओम बिश्नोई, सिवाना से सुनील परिहार, केशोरायपाटन से राकेश बोयत, छबड़ा से नरेश कुमार मीना, सवाईमाधोपुर से डॉ. अजीजुद्दीन आजाद, मालपुरा से गोपाल गुर्जर, नागौर से हबीबुर्रहमान खान अशरफी, शिव से फतेह खान, सरदारशहर से राजकरण चौधरी, मनोहरथाना से कैलाश मीना, डूंगरपुर से देवराम रोत, चौरासी से महेन्द्र बरजोड़, लूणकरणसर से वीरेन्द्र बेनीवाल, विराटनगर से रामचन्द्र सराधना व भीमसहन गुर्जर, झोटवाड़ा से सुरज्ञान सिंह घौसल्या व हरिकिशन तिवारी, टोडाभीम से राघव राम मीना व कल्पना, महुआ से रामनिवास गोयल, बसेड़ी से खिलाड़ी लाल बैरवा, जालोर से रामलाल मेघवाल, धरियावद से विशेष कुमार मीना, सागवाड़ा से पन्नालाल डोडियार, श्रीमाधोपुर से बलराम यादव, हनुमानगढ़ से गणेश राज बंसल, सांचौर से डॉ. शमशेर अली सैय्यद, मुण्डावर से अंजली यादव, किशनगढ़ बास से सिमरत संधू, उदयपुरवाटी से मीनू सैनी, लोहावट से सत्यनारायण विश्नोई, मसूदा से वाजिद खान, कोलायत से रेवतराम पंवार, परबतसर से लच्छाराम बढ़ारड़ा, जोधपुर से डॉ. अजय त्रिवेदी, आदर्श नगर से उमरदराज, देवली-उनियारा से डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर, सोजत से अशोक खाण्डपा मेघवाल, हिण्डौन से बृजेश जाटव, कपासन से आनन्दी राम खटीक, संगरिया से डॉ. परम नवदीप सिंह, धोद से महेश मोरदिया तथा निवाई से प्रहलाद नारायण बैरवा को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

पेज @ 09



बहन ने भाई की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

विधानसभा चुनाव 2023




वर्ष: 2 | अंक: 336 जयपुर, गुरुवार, 16 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- तृतीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## एक बार फिर पीएम मोदी ने बोला कांग्रेस पर हमला... तो, सीएम गहलोत ने पलटवार करते हुए पूछे सात सवाल

# जहां कांग्रेस वहां आतंकी, दबंग और दंगाइयों के हौसले बुलंद

■ यह चुनाव राज्य में कानून व्यवस्था की वापसी के लिए

मुख्यमंत्री पूरे कार्यकाल में एक ही काम करते रहे... कुर्सी कैसे बचे



बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया कि जहां-जहां कांग्रेस आती है, वहां आतंकी, दबंग और दंगाइयों के हौसले क्यों बढ़ते हैं?

मोदी ने प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी को विजयी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल विधायक व मंत्री चुनने के लिए नहीं, बल्कि राज्य में कानून व्यवस्था की वापसी के लिए है। मोदी बुधवार को बाड़मेर के बायतू में विजय संकल्प जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, 'राजस्थान में आतंकवाद समर्थक ऐसे नारे लग रहे हैं जिसकी किसी ने कभी कल्पना तक नहीं की थी। आप सोचिए जहां-जहां कांग्रेस आती है वहां आतंकी, दबंग और दंगाई ... इनके हौसले क्यों बढ़ते हैं? इसका जवाब है—कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस राजस्थान को उस दिशा में ले जा रही है जहां राजस्थान की संस्कृति ही, परम्परा ही खतरे में पड़ जाएगी। राजस्थान की संस्कृति की रक्षा के लिए राजस्थान में भाजपा जरूरी है।' मोदी ने कहा, 'जब मुख्यमंत्री अपने पूरे कार्यकाल में सिर्फ एक ही काम करते रहे... कुर्सी कैसे बचे। पांच साल वो कुर्सी बचने में लगे रहे। जब दिल्ली दरबार राजस्थान में अपने ही नेता की कुर्सी गिराने में जुटा रहेगा तो गली-गली गांव-गांव में ऐसी ही अराजकता फैलेगी जैसी राजस्थान में फैल रही है।'

### पेपर लीक प्रकरण पर कोसा सरकार को

पेपर लीक प्रकरण को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने राजस्थान के नौजवानों को पूरी तरह से पेपर लीक माफिया के हवाले छोड़ दिया। राजस्थान में परीक्षा हो और पेपर लीक न हो, ये असंभव सा हो गया। पेपर लीक माफिया के तार सीधे सीधे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से जुड़े हैं।' भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए मोदी ने कहा, 'ये चुनाव सिर्फ विधायक या मंत्री बनाने के लिए नहीं है ये चुनाव राजस्थान में कानून व्यवस्था की की वापसी के लिए है। भाजपा सरकार की वापसी के लिए है।'

### महिला अपराध को लेकर बोला हमला

राजस्थान के महिला अपराध आंकड़ों पर पीएम मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस के एक मंत्री विधानसभा में राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताकर महिला अपराध की पैरवी करे, तो अपराधियों के हौसले बुलंद हो ही जाते हैं। आपने राजस्थान की मर्दानगी का, वीरता का, नारी सम्मान के लिए सिर कटवा देने वाले वीरों का अपमान किया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया जिक्र

विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज रांची, झारखंड में विकसित भारत संकल्प यात्राबहुत बड़ा अभियान भारत सरकार ने शुरू किया है। इसमें भारत सरकार देश के हर गांव जाएगी, हर लाभार्थी से संपर्क करेगी। मेरे जो भाई-बहन अब तक सरकार की योजनाओं से वंचित हैं, अब सामने जाकर उनका हक उन्हें दिया जाएगा।

### राजस्थान कह रहा है, जा रही है कांग्रेस

पीएम मोदी ने आगे कहा कि पूरा राजस्थान कह रहा है- जा रही है कांग्रेस, आ रही है भाजपा। मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस का डिब्बा गुल है अब राजस्थान की बारी है।

# केंद्रीय गृह मंत्रालय में रचा गया लाल डायरी का षड्यंत्र: गहलोत

■ राजस्थान में महिला अपराध की बात करते हैं, मणिपुर में क्या हो रहा है?

■ हमने अच्छा काम किया है... जनता हमारे कामों पर ठप्पा लगाएगी



बेधड़क | जयपुर/अजमेर

भाजपा की ओर से लाल डायरी को लेकर किए जा रहे प्रचार को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि वैसे तो पता नहीं कि लाल डायरी और काली डायरी कौन-सी है, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि यह सब केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अंदर रचे गए षड्यंत्र के तहत हुआ है।

गहलोत भाजपा नेता अमीन पठान ने प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के मौके पर मीडिया से बात कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित अन्य नेता उपस्थित थे। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए गहलोत ने कहा कि बात तब की है जब पीएम मोदी चार दिन बाद सीकर आने वाले थे। उससे पहले हमारे पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा से मिलीभगत कर लाल डायरी का षड्यंत्र भाजपा के नेताओं ने किया। पन्ने आ रहे हैं, या जा रहे हैं, इसकी हम लोगों को चिंता नहीं है। हमने अच्छा काम किया है, जिससे हमें यकीन है कि जनता हमारे कामों पर ठप्पा लगाएगी।

### CM ने PM मोदी से पूछे ये सात सवाल...

- राजस्थान की तरह देश के सभी नागरिकों को 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा कब देंगे?
- सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस कब लागू करेंगे?
- देश के सभी घरों में 500 रुपए में गैस सिलेंडर कब देंगे?
- सभी जरूरतमंद नागरिकों को एक जैसी पेंशन देने वाला राइट टू सोशल सिक्योरिटी कानून कब लागू करेंगे?
- गरीब लोगों को रोजगार देने के लिए शहरी रोजगार गारंटी योजना कब लागू करेंगे? अग्निवीर योजना को खत्म कर सेना में पहले जैसी रेगुलर भर्ती कब शुरू करेंगे?
- ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा कब देंगे?
- राजस्थान के हिस्से के 76 हजार करोड़ रुपए कब जारी करेंगे?

### मणिपुर जल रहा है, PM एकबार भी नहीं गए

गहलोत ने कहा कि मणिपुर जल रहा है, इसकी गंभीरता को मोदी और शाह नहीं समझ रहे हैं। पीएम एक बार भी वहां नहीं गए। राजस्थान में महिला अपराधों की बात करते हैं, मणिपुर में क्या हुआ? कौन नहीं जानता, वहां के मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर में रेप जैसी हजारों घटनाएं और एफआईआर हुई है। गहलोत ने कहा कि हम लोग चिंता कर रहे हैं कि कन्हैया लाल के परिवार को समय पर न्याय कैसे मिले। हमारी सरकार ने दो घंटे में आरोपियों को पकड़ लिया। फिर भी, भाजपा इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है।

### हमारी योजनाओं की देशभर में चर्चा

जयपुर के कार्यक्रम के बाद गहलोत ने अजमेर में कांग्रेस की गारंटी यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, शहर में रोड शो भी निकाला। इस दौरान शहर के प्रकाश रोड पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री गहलोत ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजना का आम जनता को फायदा पहुंचा है, जिसकी देशभर में चर्चा हो रही है। सरकार वादों के साथ-साथ गारंटी भी देती है, कांग्रेस की सरकार ने कोरोना में बेहतर कार्य किया और भीलवाड़ा मॉडल को पूरे देश में सराहा गया।

## जरूरी खबर

### ट्रेन के चार डिब्बों में लगी आग, आठ लोग घायल



**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में बुधवार शाम दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन के चार डिब्बों में आग लग गई। इस घटना में कम से कम आठ लोग जख्मी हुए हैं। प्रदेश के राहत आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, "इटावा की जसवंतनगर तहसील के सराय भूपत रेलवे स्टेशन पर नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लगने की घटना के संबंध में कुल आठ घायलों की सूचना प्राप्त हुई है। घायलों को इटावा के भीमराव अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया है।"

## ये भी देखें...

CM ने अजमेर में दिखाई गारंटी यात्रा को हरी झंडी
पेज-2

ERCP, भील प्रदेश की मांग का दिखेगा प्रभाव
पेज-3

80 सीटों पर हो रहा बहुकोणीय मुकाबला
पेज-5

## जम्मू के डोडा में बस खाई में गिरी

# 36 मरे, 19 घायल



एजेंसी | डोडा (जम्मू कश्मीर)

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को यात्रियों को लेकर जा रही एक बस सड़क से फिसलकर करीब 300 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों से भरी यह बस बटोटे-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल-अस्सार के पास सड़क से फिसल कर 300 फुट नीचे खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है और कुछ शव बरामद किए हैं।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, 'दुर्भाग्य से 36 लोगों की मौत हो गई है और 19 घायल हो हैं, जिनमें से छह घायलों की हालत गंभीर है। घायलों को आवश्यकता के अनुसार जीएमसी डोडा और जीएमसी जम्मू में स्थानांतरित किया जा रहा है। हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति गंभीर संवेदना है।' सिंह जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटना पर दुख जताया है।

## भारत चौथी बार वर्ल्ड कप के फाइनल में, कीवियों से लिया बदला... शमी का सत्ता

# 'शमी' फाइनल में कीवियों पर 'विराट' जीत

एजेंसी | मुंबई

वनडे वर्ल्ड कप 2023 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। इस बेहद मशक्कत वाले मुकाबले में टीम इंडिया को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, लेकिन रोहित ब्रिगेड ने कीवी टीम को 70 रन से हरा दिया और वर्ल्ड कप-2019 के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला ले लिया।

इस बड़ी जीत के साथ टीम इंडिया ने चौथी बार विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। वहीं, 12 साल के अंतराल के पश्चात वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई। रोहित शर्मा अब कपिल देव, सौरव गांगुली और एमएस धोनी के बाद भारत को वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचाने वाले चौथे कप्तान भी बने।

**इंडिया 397/4...**
**न्यूजीलैंड 327 ऑलआउट**



**मोहम्मद शमी**
**9.5-0-57-7**
**प्लेयर ऑफ द मैच**



### विराट-श्रेयस के शतक

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और टीम इंडिया ने शानदार बल्लेबाजी कीवी के खिलाफ की और 50 ओवर में 4 विकेट पर 397 रन का विशाल स्कोर बना डाला। भारत की तरफ से कप्तान रोहित ने तूफानी 47, विराट ने 117, गिल ने नाबाद 80 रन ठोके, जबकि श्रेयस अय्यर ने ताबड़तोड़ 105 रन और केएल राहुल ने नाबाद 39 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की टीम ने इस स्कोर तक पहुंचने की कोशिश तो की, लेकिन 327 रन पर ढेर हो गई। भारत की तरफ से मोहम्मद शमी सबसे सफल गेंदबाज रहे और 7 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान मिला।

### ऑस्ट्रेलिया Vs द.अफ्रीका सेमीफाइनल आज

**कोलकाता।** विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां ईडन गार्डन में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का मैच होगा। इन दोनों में से जीतने वाली टीम 19 नवंबर को फाइनल में टीम इंडिया से भिड़ेगी। दक्षिण अफ्रीकी टीम खुद पर लगे 'चोकर्स' की मुहर को मिटा पाएगी या नहीं, यह देखने वाली बात होगी।

### विराट ने बनाया 50 शतक का वर्ल्ड रिकॉर्ड

विराट कोहली ने वर्ल्ड कप के इस मैच में 50वां शतक जड़कर इतिहास रचा। कोहली ने इस ऐतिहासिक शतक पर भावुक बयान देते हुए कहा कि अपने प्यार पत्नी अनुष्का शर्मा और आदर्श सचिन तेंदुलकर के सामने 50वां शतक लगाना और उसको शब्दों में बयां करना... मुश्किल है। सब कुछ सपने जैसा लग रहा है।यह मैच भी बहुत बड़ा है।

## राजस्थान विधानसभा चुनाव को अभिशाप!

# लगातार तीसरी बार होंगे 199 सीटों पर ही चुनाव

- अब कांग्रेस प्रत्याशी कुन्नर के निधन से करणपुर का चुनाव स्थगित
- ऐसी सीट पर सरकार निर्वाचित होने के बाद सत्तासीन पार्टी का प्रत्याशी जीता
- परिसीमन के बाद से एक बार ही हुए सभी 200 सीटों पर चुनाव

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में इस बार भी 25 नवंबर को 199 विधानसभा सीटों पर ही चुनाव होंगे। श्रीगंगानगर की करणपुर सीट से विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत कुन्नर का निधन हो गया। ऐसे में अब करणपुर में चुनाव सरकार निर्वाचित होने के बाद ही होंगे। बता दें, वर्ष 2006-07 में हुए विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होने के बाद एक केवल वर्ष 2008 में ही चुनाव सभी 200 सीटों पर हुए। इसके बाद वर्ष 2013 में चूरू सीट के बसपा




प्रत्याशी जगदीश मेघवाल और वर्ष 2018 के चुनावों में रामगढ़ विस क्षेत्र के प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह का निधन हो गया था। खास बात है कि इन सीटों पर सरकार निर्वाचन के बाद सत्तारूढ़ पार्टी के प्रत्याशी को जीत मिली।

### सरकार बनने के बाद हुए चुनाव

चूरू विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2013 में बसपा के जगदीश मेघवाल, भाजपा के राजेन्द्र राठौड़ और कांग्रेस से मकबूल मंडेलिया ने नामांकन भरा था। नामांकन भरने के बाद जगदीश मेघवाल का निधन हो गया था। इसी प्रकार 2018 में अलवर की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से बसपा के लक्ष्मण सिंह, कांग्रेस शफिया जुबेर और भाजपा से जगत सिंह ने नामांकन भरा था। इसके बाद लक्ष्मण सिंह का निधन हो गया। इन चुनावों में कांग्रेस की सरकार बनी। फिर इस सीट पर बाद में हुए चुनावों में कांग्रेस की प्रत्याशी शफिया जुबेर ने भाजपा के जगत सिंह को 24 हजार से ज्यादा मतों से हराया था। कांग्रेस की जीत के बाद 101 सीटें हो गई।

**तब जीते थे राजेंद्र राठौड़:** 2013 में चूरू से बसपा प्रत्याशी रहे जगदीश मेघवाल की मौत हो गई थी। चुनावों में भाजपा की सरकार बनी। बाद में हुए चुनावों में राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस के मकबूल मंडेलिया को 24 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था।

# कुन्नर का निधन पर CM गहलोत ने जताया शोक



जयपुर। श्रीगंगानगर के करणपुर विधानसभा से विधायक व वहीं से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर का बुधवार सुबह निधन हो गया। इस पर करणपुर विधानसभा चुनाव स्थगित हो गया। सीएम गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा, करणपुर से विधायक एवं पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन की सूचना से मुझे बेहद दुख है। कुन्नर साहब का निधन कांग्रेस पार्टी एवं राजस्थान की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को हिम्मत प्रदान करने की कामना करता हूं।

## जरूरी खबर

### रीट पेपर लीक मामले का मुख्य आरोपी धरा



**जोधपुर।** पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व ने टॉप 10 वांछित और 25 हजार के इनामी अपराधी प्रवीण गोदारा को गिरफ्तार किया है। वह पिछले एक साल से फरार था। आरोपी पुलिस थाना बनाड मे रीट भर्ती परीक्षा में पेपर आउट मामले में मुख्य सरगना था। पुलिस पिछले दो माह से उसका लगातार पीछा कर रही थी। बुधवार को पुलिस को आरोपी के एयरपोर्ट थाना एरिया में रहने की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी और उसे दबोच लिया।

### कार्यकर्ता सम्मलेन में 'कमल' खिलाने का लिया संकल्प

**टोंक।** भारतीय जनता युवा मोर्चा टोंक द्वारा टोंक विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का युवा उद्घोष एवं कार्यकर्ता सम्मेलन एक निजी विद्यालय में किया गया। मुख्य अतिथि टोंक जिला प्रभारी सांसद रमेश बिदूड़ी ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का जोश देखकर लगता है टोंक में कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह जोश 25 नवम्बर तक बरकरार रहना चाहिए। वहीं भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि जब-ज़ब युवाओं ने हुंकार भरी है, तब-तब सिंहासन को बदला है। इस मौके पर गणेश माहुर, श्याम लाल जैन, संजय संघी, चन्द्रवीर सिंह चौहान, सरोज बंसल ने आदि ने सम्बोधित किया।

### गाजे-बाजे के साथ निकाली घांस भैंरू की सवारी



**टोंक।** दीपावली के अवसर पर परम्परागत तरीके से बुधवार को लोक देवता घांस भैरू की सवारी गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। टोंक के काला बाबा क्षेत्र पुरानी टोंक से सवारी रवाना हुई, जो सब्जी मंडी होती हुई घंटाघर सर्किल पहुंची। यहां घांस भैंरू की विधिवत पूजा-अर्चना कर अगवानी की गई। घंटाघर चौराहे पर घांस भैंरू के महिला-पुरुषों, युवक-युवतियां, बच्चों ने मत्था टेका तथा धार चढ़ाई। इस दौरान जुलूस में शामिल पुरूषों ने जमकर नृत्य किया। इसके बाद सवारी घंटाघर से होती हुई पुरानी टोंक माणक चौक पहुंची। घांस भैंरू की सवारी के जुलूस के दौरान पुलिस द्वारा माकूल सुरक्षा व्यवस्था की गई।

---

**पुष्कर मेले की रंगत चढ़ने लगी परवान:** कई राज्यों से पशुओं की हो रही आवक, प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम-खम

# पावणों को लुभाएगी धोरों में खिल रही रेत की कलाकृतियां

**बेधड़क** | अजमेर

अन्तरराष्ट्रीय पुष्कर मेले की रंगत परवान पढ़ने लगी है। पशु मेले में राजस्थान सहित अन्य राज्यों से पशुओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है।

वहीं मेले की रंगत का लुत्फ उठाने के लिए देशी-विदेशी पर्यटक भी यहां पहुंच रहे हैं। मेले में रंग-बिरंगी राजस्थानी कला और संस्कृति को करीब से जानने के लिए पर्यटकों में मेले को लेकर खासी उत्सुकता रहती है। मेले में इस बार भी रेत पर बनाई जाने वाले कलाकृतियां पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगी। सैंड आर्टिस्ट कलाकृतियों को मनभावन रूप दे रहे हैं। सैंड आर्टिस्ट अजय रावत ने अनेक आकर्षक कलाकृतियां यहां बनाई है। इसमें इलेक्शन की थीम और मां लक्ष्मी की रेत से बनी कलाकृति को सिक्कों से सजाया गया है। रावत की पहली प्रदर्शनी की शुरूआत 14 नवम्बर को हो गई वहीं दूसरी प्रदर्शनी 18 नवम्बर को शुरू होगी। पहली प्रदर्शनी में सैंड आर्टिस्ट रावत ने धोरों में बैठे ऊंट, एक साथ चलते ऊंटों का काफिला, महालक्ष्मी, सजगता से मतदान करने का संदेश देता ऊंट, राजा-महाराजा और पुष्कर फेयर में राजस्थानी संस्कृति कलाकृतियां रेत पर उकेरी हैं। इनको लोग काफी पसंद कर रहे हैं। रेत पर बनी कलाकृतियां मेले में आने वालों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है।




### इस बार तैयार की 17 नई कलाकृतियां

मेले में रेत पर अपना कला-कौशल दिखा रहे आर्टिस्ट रावत ने इस बार कई नई थीम कलाकृतियों के लिए चुनी है। इसके तहत इस बार 17 नई कलाकृतियां तैयार की गई है। ये कलाकृतियां सैलानियों को 18 नवंबर को शुरू होने वाली दूसरी प्रदर्शनी में देखने को मिलेंगी। आर्टिस्ट रावत ने बताया कि इस बार देशी-विदेशी पर्यटकों को सैंड आर्ट में कुछ नई कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। उन्होंने बताया कि इस बार मां लक्ष्मी की विशेष सैंड आर्ट तैयार की है। इसका 5 हजार सिक्कों से श्रृंगार किया गया है। इसके साथ ही 17 नई कलाकृतियां तैयार की गई है। इसका उद्घाटन 18 नवंबर को ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा। रावत ने बताया कि मां लक्ष्मी के आर्टवर्क को एक नए रूप में सजाया गया है। उन्होंने बताया कि इस कलाकृति में मां अपने मुख से सिक्कों की बारिश करती नजर आती हैं।

### मतदान का संदेश देती कलाकृति भी है खास

सेंड आर्टिस्ट रावत की ओर से बनाई कलाकृतियों में इस बार चुनावी थीम पर भी कलाकृतियां बनाई गई हैं। इसमें मतदान करने की अपील करता ऊंट और ईवीएम मशीन दर्शाते हुए कलाकृति बनाई गई है, जो अपने आप में खास है। रावत की पहली प्रदर्शनी पुष्कर फेयर 2023 वेलकम थीम के साथ ही चुनावी सीजन पर आधारित है। इसमें मतदाताओं से हर हाल में मतदान करने की अपील की गई है।

---

**त्योहार की खुशी मातम में बदली:** टक्कर के बाद नाले में पलटी कार

# बाइक से जा रहे भाई-बहन और मां के लिए काल बनी स्कार्पियो

**बेधड़क** | कोटा

जिले में बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की त्योहार की खुशियों को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार भाई-बहन और मां को जोरदार टक्कर मार दी। इसके चलते तीनों की मौत हो गई। इसके बाद बेकाबू स्कार्पियों सड़क किनारे नाले में जाकर पलट गई।

हादसा सुबह करीब 10:30 बजे रामगंजमंडी थाना क्षेत्र के उंडवा गांव में पेट्रोल पंप के पास हुआ। जानकारी के अनुसार भाई-दूज पर युवक अपनी मां और बहन को बाइक से ननिहाल लेकर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में तीनों हादसे का शिकार हो गए। सूचना पर पहुंची रामगंजमंडी थाना पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां युवक को मृत घोषित कर दिया गया।

वहीं मां-बेटी ने झालावाड़ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। रामगंजमंडी सीआई मनोज कुमार ने बताया भवानीमंडी के पचपहाड़ निवासी हितेश मेवाड़ा उर्फ पिंटू (25) पुत्र बगदीराम भाई दूज पर मां कमलेश (41) और बहन पूजा (17) को बाइक पर बिठाकर ननिहाल चेचट क्षेत्र के दाहोद गांव जा रहा था। इसी दौरान उंडवा गांव में पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे को देखकर स्थानीय लोगों मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। हादसे में हितेश की मौके पर ही हितेश की मौत हो गई थी। वहीं कमलेश और पूजा गंभीर घायल थीं। घायलों को रामगंजमंडी सीएचसी पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में दोनों मां-बेटी को झालावाड़ एसआरजी रैफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान कमलेश और पूजा ने भी दम तोड़ दिया। स्कॉर्पियो को जब्त कर ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। स्कॉर्पियो में सवार एक महिला भी घायल हुई है, उसे रामगंजमंडी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।



### 20 फुट दूर गिरी मां, भाई-बहन पर चढ़ा टायर

हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगने के बाद महिला कमलेश बाइक से उछलकर बीस फुट दूर खेत में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियों ने बाइक को सामने से टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार महिला 20 फीट दूर खेत में जा गिरी। वहीं, पूजा और हितेश पर कार का टायर चढ़ गया। इसमें हितेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पूजा और कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद कार पास के ही नाले में जाकर पलट गई। उसमें सवार एक महिला घायल हो गई। स्कार्पियो सवार झुंझुनूं निवासी बजरंग सिंह उनकी पत्नी सत्पयार सिंह और बेटा नवीन किसी काम से गुजरात जा रहे थे। बेटा नवीन कार चला रहा था। उनकी गाड़ी उंडवा गांव में पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही बाइक से टकरा गई।

### परिवार में एक साथ तीन मौत होने से मचा कोहराम

त्योहार के बीच परिवार में एक साथ तीन लोगों की मौत होने से माहौल गमगीन हो गया। परिजनों और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के अनुसार हितेश के मामा के लड़के नवीन मेवाड़ा ने बताया कि उसके फूफा बगदीराम मेवाड़ा का दो साल पहले हार्ट अटैक से निधन हो गया था। इसके बाद परिवार में बुआ कमलेश और हितेश, सिद्धार्थ और बेटी पूजा (17) थे। बड़े बेटे हितेश मेवाड़ा पर घर की जिम्मेदारी आ गई। हितेश भवानीमंडी में एक निजी कंपनी में काम करता था। वहीं पूजा बीए प्रथम में पढ़ रही थी। छोटा भाई सिद्धार्थ कोटा में एक निजी कंपनी में काम करता है। दोनों भाइयों की इसी साल शादी करने की तैयारी चल रही थी। दीपावली पर छोटा भाई सिद्धार्थ अपने घर पर आया था। सभी ने मिलकर दीपावली मनाई थी। कंपनी का काम आने से कल यानी मंगलवार को सिद्धार्थ कोटा चला गया। बुधवार को भाई -दूज मानने के लिए सुबह



बुआ कमलेश, हितेश और पूजा बाइक से दाहोद आ रहे थे। इस दौरान हादसा हो गया। घटना की जानकारी के बाद कोटा से सिद्धार्थ सीधे झालवाड़ पहुंचा।

---

**नींद में सोते हुए पर किया हमला**

# कैदी ने दूसरे कैदी की ईंट से वार कर की हत्या



**बेधड़क** | बीकानेर

जिले की सेंट्रल जेल में एक कैदी ने दूसरे कैदी पर ईंट से वार कर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। जेल में हत्या का मामला सामने आने के बाद जेल प्रशासन में भी हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार बीकानेर सेंट्रल जेल में बैरक के अंदर एक कैदी ने दूसरे कैदी की हत्या कर दी। मंगलवार देर रात हुई इस घटना की जानकारी मिलने के बाद जेल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। तुरंत पुलिस के आला अधिकारियों को वारदात की सूचना दी गई। उधर मौके पर पहुंचे थानाधिकारी महेंद्र दत्त शर्मा ने बताया कि घटना आधी रात की है। आरोपी कैदी बुधराम 2009 में एक मामले में सजा होने के बाद से जेल में बंद था। वहीं मृतक साजिद मारपीट के मामले में ट्रायल के चलते जेल में बंद था। उन्होंने बताया कि संभवतया दोनों के बीच में बोलचाल हुई होगी। मंगलवार देर रात एक ही बैरक में सो रहे बंदी साजिद हुसैन की बंदी बुधराम नायक ने सिर पर ईंट से वार कर हत्या कर दी। दोनों हनुमानगढ़ जिले के टाउन और रावतसर के रहने वाले हैं।

### 2014 में भी हुई थी तीन कैदियों की हत्या

इससे पहले भी बीकानेर सेंट्रल जेल में हत्या के मामले को लेकर चर्चा में रह चुका है। वर्ष 2014 में भी एक तिहरा हत्याकांड हो चुका है। उस वक्त भी जेल में आनंदपाल के साथ कुछ कैदियों का झगड़ा हुआ था। मारपीट में आनंदपाल बच गया था, लेकिन तीन कैदियों की मौत हो गई थी।

---

**भीड़ में घुसकर करते थे लोगों के** महंगे फोन पर हाथ साफ

# 10.25 लाख के 41 फोन बरामद

**बेधड़क** | अजमेर

भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले 6 शातिर बदमाशों को दरगाह थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 10 लाख रुपए कीमत के 41 मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

दरगाह थाना प्रभारी जगदीश मीणा ने बताया कि एसपी चुनाराम जाट ने चोरी, नकबजनी, लूट की वारदातों पर अंकुश लगाने और विधानसभा चुनाव के चलते अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बाद थाने पर एक टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



इसी दौरान थाने पर मोबाइल चोरी होने की शिकायत थाने पर दर्ज हुई थी। मामले में टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

थाना प्रभारी मीणा ने बताया कि दरगाह परिसर और आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और तकनीकी सहायता से विश्लेषण किया गया। इसी दौरान मामले में टीम ने कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल निवासी अब्दुल रऊफ (52), नयन इफ्तकार (24), फायसागर रोड निवासी आमिर खान (20), अंदरकोट निवासी शादाब शेख (26), कमला बावड़ी निवासी मोहम्मद फाजिल (20) शिशाखान निवासी नौशाद आलम (26) को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 41 मोबाइल बरामद किए गए हैं। टीम के द्वारा जुलाई महीने से अब तक करीब 241 मोबाइल बरामद किए गए हैं। जिनकी कीमत 61.75 लख रुपए है। गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

---


**परिजनों व ग्रामीणों ने लहूलुहान** अवस्था में पहुंचाया अस्पताल

# जर्मन शेफर्ड डॉग ने मालिक पर किया हमला

**बेधड़क** | अलवर

छह महीने पर घर लाकर जिसका खूब दुलार किया उसी डॉग ने मालिक पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। जर्मन शेफर्ड नस्ल के इस डॉन ने मालिक के प्राइवेट पार्ट को काट लिया।

हमले के बाद बुजुर्ग के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी और घरवाले उसे बचाने दौड़े तब बुजुर्ग अचेत पड़े थे। घटना अलवर के सदर थाना क्षेत्र के रायबका गांव में बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे की है। जानकारी के अनुसार इस्लाम खान (60) के दो बेटे और चार बेटियां हैं। घर की रखवाली के मकसद से बेटा रसीद 6 महीने पहले जर्मन शेफर्ड डॉग को घर लेकर आया था। बेटे ने बताया कि डॉग फैमिलियर भी हो गया था। बुधवार को घर के आस-पास स्ट्रीट डॉग आ गए थे। घर के बाहर स्ट्रीट डॉग लड़ने लगे तो हमारे घर का पालतू कुत्ता उनके पीछे भागा। घर के बाहर जाते ही हमारे घर का डॉग और स्ट्रीट डॉग लड़ने लगे।



इस्लाम उसे छुड़ाने के लिए गए थे। इस दौरान डॉग ने उन पर अटैक कर दिया। उनके चिल्लाने की आवाज आई तो मैं और पड़ोसी उन्हें बचाने दौड़े। उनके शरीर से खून बह रहा था। उन्हें तुरंत अलवर के जिला अस्पताल लेकर आए, जहां उनका इलाज चल रहा है। उधर, डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए इस्लाम को जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल रेफर किया था। इसके बावजूद इसके परिवार वाले अलवर में ही उनका इलाज करवा रहे हैं।

डॉग के हमले में घायल हुए इस्लाम ने बताया कि मैं तो दोनों कुत्तों को पीछे हटाने के लिए गया था। पता नहीं मेरे डॉग ने कैसे मुझ पर हमला कर दिया? इसके खाने से लेकर पानी तक की व्यवस्था मैं खुद करता था। मुझे कभी नहीं लगा कि ये मुझ पर इस तरह का अटैक कर सकता है। डॉग एक्सपर्ट अभिषेक का कहना है कि जब मालिक उसे बचाने गए तो उसे खतरा महसूस हुआ होगा और घबराहट में हमला कर दिया।

---

**पर्यटकों को लुभा रहे धोरे**

# दीपावली के बाद सैलानियों से गुलजार हुई गोल्डन सिटी

**बेधड़क** | जैसलमेर

दीपावली के त्योहार के बाद गोल्डन सिटी जैसलमेर में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी नजर आ रही है। खासकर गुजराती पर्यटक काफी संख्या में यहां पहुंचे हैं। इसके चलते पर्यटक स्थलों पर सैलानियों की खासी चहल-पहल नजर आ रही है। इसके साथ ही पर्यटन व्यावसाय से जुड़े लोगों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

दीपावली के दिन से ही जैसलमेर में सैलानियों की संख्या बढ़ने लगी थी। हर ओर टूरिस्ट ही नजर आ रहे हैं। दीवाली सीजन में ये शहर गुजरातियों से आबाद है। भीड़ इतनी हो गई है कि पर्यटन स्थलों पर जाम सा लग गया है। सोनार किले में जाने वाला रास्ता ही जाम हो गया। दरअसल दीपावली सीजन में लंबे वेकेशन मिलने पर गुजराती पर्यटक घूमने निकल पड़ते हैं और गोल्डन सिटी को आबाद करते हैं। जैसलमेर के पर्यटन स्थलों पर इन दिनों सैलानियों की भीड़ है। सबसे ज्यादा गुजरात से टूरिस्ट आ रहे हैं। सोनार किला, गड़िसर सरोवर, पटवा हवेली आदि स्थानों पर अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। भीड़ इतनी है कि पर्यटन स्थलों पर जाम लग गया है। सोनार दुर्ग जाने वाला रास्ता तो हर सुबह जाम हो ही जाता है। हजारों की संख्या में हर साल गुजराती जैसलमेर आते हैं और इस साल भी सैलानियों के आने से जैसलमेर गुलजार हो गई है।



### पर्यटन स्थलों की खूबसूरती कर रही रोमांचित

जैसलमेर आने वाले पर्यटकों को यहां की ऐतिहासिक हवेलियां और सोनार दुर्ग सहित अन्य प्राचीन इमारतें खूब आकर्षित कर रही हैं। गुजरात के साथ ही झारखंड, रांची, एमपी सहित अन्य जगहों से पर्यटक यहां पहुंचे हैं। ये सैलानी ऐतिहासिक इमारतों की खूबसूरती देखकर रोमांचित हो रहे हैं। यहां के पुरा वैभव और स्थापत्य कला को वे अपने कैमरे में कैद करने को उत्सुक नजर आते हैं। सोनार किले की स्वर्णिम आभा पर्यटकों को सहज ही अपनी ओर खींच रही है। दुर्ग की स्थापत्य कला को पर्यटक आश्चर्य से निहारते नजर आ रहे हैं। वहीं पटवा हवेली भी सैलानियों को खूब लुभा रही है। यहां सैलानी मोबाइल कैमरे से अपनी तस्वीरें ऐतिहासिक इमारतों के साथ शूट करते नजर आते हैं।

### छुट्टियों में घूमने निकल रहे गुजराती पर्यटक

दरअसल दीपावली के बाद से ही गुजराती पर्यटकों की आवक बढ़ जाती है। गुजरात से आए सैलानियों का कहना है कि दीपावली से गुजरात में छुट्टियां हो जाती हैं। लाभ पंचम तक हम लोग घूमने निकल जाते हैं। जैसलमेर को इंडिया का नंबर वन टूरिस्ट प्लेस मानते हैं। ऐतिहासिक शहर के पीले पत्थर और उनसे बनी हवेलिया और किले सबको अपनी ओर खींचते हैं। सैलानियों ने बताया कि जैसलमेर जैसी शांत और प्यारी जगह कहीं नहीं देखी। सोने जैसी पीली नगरी और इसकी रेत यहां खींच लाई है। हम यहां रेत के टीलों पर कैमल राइडिंग का लुत्फ उठा रहे हैं। साथ ही भारत-पाकिस्तान बॉर्डर स्थित तनोट माता मंदिर के दर्शन करेंगे।

---

# 35 वोटर्स के लिए पहली बार बना मतदान केन्द्र

**बेधड़क** | जैसलमेर

जिले से करीब 100 किमी दूर एक ऐसा मतदान केन्द्र बनाया गया है जहां केवल 35 मतदाता वोट डालेंगे। दरअसल पारुराम भील की ढाणी में 35 लोगों का परिवार है। ये सभी भील परिवार के एक ही खानदान से हैं।

साल 2018 से पहले यहां के वोटर एक किमी दूर नहरी इलाके में 196 आरडी पर अस्थाई बूथ पर बड़ी मुश्किल से वोट डालने जाते थे, लेकिन अब इसी ढाणी के स्कूल में ही मतदान केन्द्र बना दिया गया है। बूथ नंबर 195 में केवल 35 वोटर ही है जिनके लिए अब बूथ बनाया गया है। ये कहा जा सकता है कि एक ही परिवार के लोगों को अब वोट डालने कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। बूथ नंबर 195 के बीएलओ जिले सिंह ने बताया कि ये मतदान केन्द्र जैसलमेर से 100 किमी और सम इलाके से करीब 45 किमी दूर है।

उन्होंने बताया कि करीब 1500 वोट पर ही बूथ बनाया जाता है, लेकिन जैसलमेर के क्षेत्रफल को देखते हुए पटवारी-तहसीलदार की रिपोर्ट पर एसडीएम और कलेक्टर रिपोर्ट बनाते हैं। कलेक्टर द्वारा निर्वाचन आयोग को विशेष परिस्थितियों का हवाला देते हुए बूथ निर्माण का अनुरोध किया गया। इस पर इस बूथ का निर्माण हुआ। इस बूथ पर बुजुर्ग दादा वीरू राम (80) इस परिवार का मुखिया है वो वोट देगा वहीं उसका पोता भरता राम (18) पहली बार मतदान करेगा। इस बूथ पर 19 पुरुष और 16 महिला मतदाता है।

## जरूरी खबर

### पार्टी के 'वार रूम' में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक



**जयपुर।** सत्तारूढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक मंगलवार रात को यहां पार्टी के 'वार रूम' में हुई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस बैठक का फोटो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर शेयर करते हुए लिखा, 'एक साथ, जीत रहे हैं फिर से।'
बैठक में कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल, राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह व वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश भी मौजूद थे। गहलोत ने इसका फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, 'एक साथ। जीत रहे हैं फिर से।' फोटो में ये सभी नेता वार रूम में बैठे नजर आ रहे हैं। वेणुगोपाल कल शाम सोनिया गांधी के साथ जयपुर पहुंचे। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को है।

### बाइकों की भिड़ंत के बाद तनाव, थाने पहुंचे नेता

**जयपुर।** गलता गेट थाना इलाके में स्थित पाडा मंडी क्षेत्र में मंगलवार रात को दो बाइक की भिड़ंत के बाद विवाद हो गया। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। जानकारी मिलने पर गलता गेट थाने में कांग्रेस और बीजेपी के कई नेता पहुंचे। हालात देखते हुए डीसीपी नॉर्थ को भी मौके पर बुलाया। गलता गेट थाना पुलिस ने बताया कि गलता गेट निवासी समीर मंगलवार रात को अपने काम से घर लौट रहा था। इस दौरान उसकी बाइक आगे चल रही एक बाइक से टच हो गई। इस पर बाइक सवार लोगों ने समीर को डंडों से बुरी तरह से पीटा और बाइक भी तोड़ दी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे भाजपा के बालमुकुंदाचार्य और रवि नैय्यर ने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद कांग्रेस के आरआर तिवाड़ी और रफीक खान भी मौके पर पहुंचे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


## विधानसभा चुनाव: प्रचार चरम पर, मुद्दों पर बात कम, फिर भी इनमें दम

# ERCP, भील प्रदेश की मांग का प्रभाव दिखेगा 3 दिसंबर को!

**कांग्रेस ईडी, सीबीआई छापों पर घेर रही भाजपा को, भाजपा लाल डायरी, तुष्टीकरण को लेकर कांग्रेस पर बरस रही**

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावी महासमर में इस बार प्रचार में जहां तीखे प्रहार और तल्खी नजर आ रही है, वहीं प्रमुख नेता मुद्दों पर कम और नॉन इश्यू पर अधिक वार और पलटवार कर रहे हैं। फिर भी मरुधरा में इस बार जहां ईआरसीपी, रिफाइनरी, जातिगत जनगणना, जनकल्याणकारी योजनाएं, कांग्रेस और पीएम मोदी की गारंटियां, ईडी-आईटी-सीबीआई छापे, लाल डायरी, पेपर लीक, महिला अत्याचार, किसान कर्ज माफी, भील प्रदेश सहित अन्य प्रदेशव्यापी मुद्दे प्रभावशाली बन सकते हैं। वहीं, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई जैसे स्थानीय मुद्दे भी मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं।

इन सबके साथ ही प्रदेश में महंगाई, भ्रष्टाचार, मोदी सरकार के कामकाज जैसे राष्ट्रीय मुद्दे भी चर्चा में हैं। इस बार एक और खास बात यह है कि मुद्दों के आधार पर राजस्थान भी विभिन्न अंचलों बंटा दिखाई दे रहा है। नहर परियोजना का मुद्दा जहां पूर्वी राजस्थान में भारी है तो वहीं रिफाइनरी के मुद्दे पर पश्चिमी राजस्थान गर्म चल रहा है। भील प्रदेश के मुद्दे की दक्षिणी राजस्थान में चर्चाएं हैं, तो किसानों के मुद्दे पर उत्तरी राजस्थान में हवाएं तेज हैं।



### पूर्वी जिलों में ईआरसीपी

कांग्रेस प्रदेश के 13 पूर्वी जिलों में ईआरसीपी को जीवनदायिनी बताकर भाजपा पर हमले कर रही है। इसको लेकर वह धौलपुर, भरतपुर, करौली, सवाई माधोपुर, कोटा, बांरा, बूंदी, झालावाड़, दौसा, अलवर, अजमेर व टोंक में जन जागरण यात्रा भी निकाल चुकी है। इन जिलों में करीब 83 सीटें हैं।



### जातिगत जनगणना

कांग्रेस ने इस बार जातिगत जनगणना करने की घोषणा करके ओबीसी वर्ग को साधने का प्रयास किया है। इससे ओबीसी वर्ग में शामिल छोटी जातियों के वोट पर उसकी नजर है।

### लाल डायरी



प्रदेश में इन दोनों लाल डायरी भी बड़ा चुनावी मुद्दा बनी हुई है। पीएम मोदी सहित भाजपा के अन्य नेता इसका जिक्र हर चुनावी सभा में कर रहे हैं। वहीं, सीएम गहलोत इसे भाजपा का ही षड्यंत्र बताते हैं।




### पेपर लीक की घटनाएं

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को मुद्दा बनाकर भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। उसका टारगेट युवा हैं। वहीं, कांग्रेस पलटवार करती है कि भाजपा शासित प्रदेशों में भी पेपर लीक हो रहे हैं, जबकि राजस्थान में ही उम्रकैद तक के प्रावधान का कड़ा कानून बनाया गया है।

### रिफाइनरी

पश्चिमी राजस्थान में रिफाइनरी का मुद्दा गर्म है। कांग्रेस रिफाइनरी की देरी के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहरा रही है। इस पर समूचे मारवाड़ में राजनीति फिर तेज हो गई है।

### ओपीएस योजना

सात गारंटियों के साथ चिरंजीवी योजना, महंगाई राहत कैंप, सामाजिक कल्याण पेंशन, मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं का प्रचार कर कांग्रेस कह रही है कि भाजपा आई तो इनको बंद कर देगी।

### कानून व्यवस्था

बलात्कार, महिला अत्याचार, हत्याएं, लूट व डकैती जैसी घटनाओं की संख्या को आधार बनाकर भाजपा कांग्रेस पर आरोप लग रही है। खासकर, महिलाओं के विरुद्ध अपराध को मुद्दा बना रही है। तो, कांग्रेस, विशेषकर मुख्यमंत्री गहलोत आंकड़ों में इस पर पलटवार करते हैं कि इन अपराधों में यूपी, एमपी आदि भाजपा शासित राज्यों में स्थिति अत्यंत खराब है।

### एंटी इनकंबेंसी

भाजपा मान रही है कि एंटी इनकंबेंसी है, वह इसका लाभ उठाने में पूरी ताकत लगा रही है। जन सुविधाओं की कमी के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा कर भाजपा की ओर से नए वादे किए जा रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस नहीं मान रही है कि एंटी इनकंबेंसी है।




### किसान कर्ज माफी और बेरोजगारी भत्ता

किसान कर्ज माफी एवं युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के मुद्दे को लेकर कांग्रेस व भाजपा दोनों ही एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर रही है। भाजपा जहां कांग्रेस पर झूठे वादे करने का आरोप लगा रही है, वहीं कांग्रेस बीजेपी पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगा रही है।

### भील प्रदेश की मांग

विधानसभा चुनाव आते ही डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, उदयपुर सहित वागड़ क्षेत्र को भील प्रदेश बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। बता दें, पिछले चुनाव में भी इसी मुद्दे पर बीटीपी की राजस्थान में एंट्री हो चुकी है। बीटीपी का बढ़ता प्रभाव कांग्रेस एवं भाजपा दोनों के लिए ही सिरदर्द बना हुआ है।

## श्वास रोगी नहीं करें सैर, मास्क पहनें

# पिंकसिटी में फैली जहरीली हवा, रेड जोन में एक्यूआई लेवल



**बेधड़क** | जयपुर

दिवाली के बाद राजधानी सहित प्रदेश के कई जिले प्रदूषण की चपेट में आ गए हैं। जयपुर शहर में बुधवार को दिन भर लोग वायु प्रदूषण से परेशान रहे। शहर में सुबह से ही चोरों ओर धुंध छाई रही, जिससे एक्यूआई स्तर खतरनाक स्टेज पर पहुंच गया।

वहीं, लोगों के आंख और चेहरे पर दिनभर जलन मचती रही। चिकित्सकों के अनुसार वायु के कणों में कई तरह के वायरस के छोटे कण घूम रहे हैं, जिनमें पटाखों से बेरियम, पोटेशियम, सल्फर और अलग-अलग कलर एजेंट होते हैं, जो प्रदूषण को और बढ़ा देते हैं। ये जहरीले धुएं खांसी, दम घुटना, नाक बहना, सीने में परेशानी और अस्थमा के दौरे जैसे तत्काल लक्षण पैदा करते हैं। वहीं ये फेफड़ों की पुरानी बीमारियों से लेकर फेफड़ों के कैंसर तक जैसी समस्याएं पैदा कर देते हैं। इनसे बचा नहीं जा सकता है। ऐसे में श्वास रोग से पीड़ित व्यक्ति को कुछ दिन घर में ही रहने की सलाह दी गई है।

वहीं, आमजन को भी चेहरे को ढंककर सफर करने का परामर्श दिया है।

### इन जगहों पर सबसे ज्यादा पॉल्यूशन

राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार शहर में बुधवार सुबह तक एयर क्वाालिटी इंडेक्स का औसत 260 से ऊपर रहा। वहीं, शहर के आदर्श नगर, राजपार्क, ट्रांसपोर्ट नगर एरिया में 279, मानसरोवर, गोपालपुरा, गुर्जर की थड़ी क्षेत्र में 269, एमआई, संसार चंद्र रोड, अजमेरी गेट पर 268, सीतापुरा रीको एरिया, प्रताप नगर क्षेत्र में 291, शास्त्री नगर, विद्याधर नगर में 291 रहा। इनके अलावा मुरलीपुरा, झोटवाड़ा, सीकर रोड, वीकेआई एरिया में 350 से ज्यादा एयर क्वालिटी इंडेक्स खतरनाक जोन में दर्ज किया गया। वहीं, शहर के अलावा बीकानेर में 368, गंगानगर में 361, अजमेर में 203, अलवर में 225 और कोटा में 274 एयर क्वालिटी इंडेक्स है।

### तापमान में हो रही गिरावट

इसके साथ ही प्रदेश में बुधवार को आसमान साफ होने से तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को सबसे कम तापमान सीकर के फतेहपुर में 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसी तरह सीकर में 9, चूरू में 10, पिलानी में 11, हनुमानगढ़ में 10.4 और अलवर में 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### वायु प्रदूषण से बचाव के उपाय

- बाहरी गतिविधियां सीमित करें।
- प्रदूषण से बचने के लिए जरूरी होने पर मास्क लगाकर बाहर निकलें ।
- एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें।
- खिड़कियां बंद रखें।
- हाइड्रेटेड रहें, पानी ज्यादा से ज्यादा पीएं।
- मास्क का प्रयोग करें।

## एसएमएस अस्पताल में 5 घंटे चला ऑपरेशन

# सांड के हमले में छाती की हड्डी टूटी, डॉक्टरों ने बचाई जान

**बेधड़क** | जयपुर



एसएमएस अस्पताल के डॉक्टरों ने एक मरीज का जटिल ऑपरेशन कर जीवन बचाया है। डॉक्टरों के अनुसार सांड के हमले से युवक की छाती की बीच की मैन हड्डी (स्टर्नम बोन) और 3 पसलियां टूट जाने पर मसल्स क्षतिग्रस्त होकर फेंफड़ा और दिल दिखने लग गया था। रोगी को सांस लेने में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही थी। इस पर करीब 5 घंटे ऑपरेशन के बाद युवक को बचा लिया गया। अस्पताल के कार्डियोथोरेसिक विभाग के प्रोफेसर डॉ. रामगोपाल यादव और उनकी टीम ने यह आॅपरेशन किया। डॉ. यादव ने बताया कि सवाई माधोपुर निवासी बृजेश (23) 13 नवंबर को सांड के हमले से गंभीर घायल हो गया। बृजेश की छाती की मैन हड्डी में फ्रैक्चर आने के साथ 3 पसलियां भी टूट गई थी। इसके साथ ही फेफड़े और दिल के ऊपर की झिल्ली पेरिकार्डियम में भी क्षतिग्रस्त थी। ऑपरेशन टीम में डॉ. मौलिक, डॉ. शेफाली, एनेस्थिसिया डॉ. रविंद्र पोद्दार और डॉ. भगवान ने भी सहयोग किया।

## जयपुर जंक्शन से आज चलेगी विशेष ट्रेन

# छठ मनाने निकले प्रवासी, स्टेशन 'हाउसफुल'

**बेधड़क** | जयपुर

सूर्य उपासना के महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार से होगी। यह पूर्व 20 नवंबर तक चलेगा। छठ मनाने के लिए जयपुर सहित प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रहने वाले यूपी, बिहार और झारखंड प्रवासी अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। इसके चलते जयपुर जंक्शन पर दो दिन से जबरदस्त भीड़ है। रेलवे की ओर से इनके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।



अजमेर-सियालदाह, मरुधर एक्सप्रेस, अजमेर-किशनगंज, हावड़ा आदि ट्रेनों में रेलयात्री अपने घरों के लिए गए। आरपीएफ प्रभारी नरेश यादव के अनुसार प्रवासियों को ट्रेनों में गंतव्य तक भेजने के लिए आरपीएफ स्टाफ द्वारा विशेष व्यवस्था बनाकर रवाना किया गया। इससे पहले भाईदूज की वजह से भी रेलवे स्टेशनों पर रेलयात्रियों की आवाजाही लगी रही। जयपुर में रहने वाले यूपी व बिहार के प्रवासियों को छठ पर्व पर घर जाने में परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके, इसके लिए रेलवे 16 नवंबर को स्पेशन ट्रेन चलाएगा। रेलवे जयपुर से बिहार के जोगबनी तक जयपुर-जोगबनी-जयपुर (1 ट्रिप) स्पेशल ट्रेन चलाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 09741, जयपुर-जोगबनी स्पेशल ट्रेन 16 नवंबर को (1 ट्रिप) जयपुर से सुबह 9:15 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर में 3 बजकर 20 मिनट बजे जोगबनी पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09742, जोगबनी-जयपुर स्पेशल वापसी में 20 नवंबर (01 ट्रिप) को जोगबनी से रात 8 बजे रवाना होकर 22 नवंबर की सुबह 3:15 बजे जयपुर पहुंचेगी। इससे पहले उदयपुर-पटना स्पेशल रेलसेवा 14 नवंबर से शुरू की गई है। 28 नवंबर तक (03 ट्रिप) चलने वाली यह रेल उदयपुर से प्रत्येक मंगलवार को 23:15 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर 6:50 बजे आगमन व 7:00 बजे प्रस्थान कर गुरुवार को 3:30 बजे पटना पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09626, पटना-उदयपुर स्पेशल रेलसेवा 16 नवंबर से 30 नवंबर तक (03 ट्रिप) पटना से प्रत्येक गुरुवार को 06.45 बजे रवाना होकर शुक्रवार को जयपुर स्टेशन पर 3:55 बजे आगमन व 4:05 बजे प्रस्थान कर 12:10 बजे उदयपुर पहुंचेगी

## तालाब की जमीन पर दे दिए पट्टे: बूंदी नगर परिषद के तत्कालीन सभापति व आयुक्त समेत सात के खिलाफ मामला दर्ज

# 6 साल DLB में लटका मामला, फिर ACB ने केस दर्ज करने में लिए 4 साल

### दो कलेक्टरों ने जांच रिपोर्ट के बाद डीएलबी व यूडीएच को लिखा था कार्रवाई के लिए

**बेधड़क** | जयपुर




तालाब और सरकारी जमीन पर बूंदी नगर परिषद के तत्कालीन सभापति व आयुक्त ने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर पद का दुरुपयोग करते हुए पट्टे जारी कर दिए। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने 2019 में दर्ज किए गए परिवाद की जांच के बाद अब तत्कालीन सभापति महावीर मोदी, तत्कालीन आयुक्त पंकज मंगल, कनिष्ठ लिपिक आशीष श्रृंगी व ओमप्रकाश शर्मा और पट्टाधारक अब्दुल हमीद, पारस कुमार जैन व सुरेन्द्र कुमार जैन के खिलाफ पद का दुरूपयोग करने का मामला दर्ज कर लिया। एसीबी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। खास बात है कि आरोपियों को पट्टा जारी करने छुट भी दी गई है, जबकि जिस समय पट्टा जारी किया गया था तब प्रशासन शहरों के संग अभियान भी नहीं चल रहा था।

### 2016 में ठकराल ने कराई जांच

पड़ताल में सामने कि वर्ष 2016 में पट्टे जारी करने की शिकायत मिलने के बाद तत्कालीन जिला कलेक्टर नरेश कुमार ठकराल एडीएम रामजीलाल मीणा से जांच कराई थी। उन्होंने जांच में अनियमितताएं, पद का दुरुपयोग होना और राजस्व को हानि होना मानकर आरोपियों के खिलाफ आरोप प्रमाणित माने थे। तब ठकराल ने इस मामले में कार्रवाई के लिए स्वायत शासन विभाग डीएलबी व नगर विकास विभाग यूडीएच को पत्र लिखा था।

### कलेक्टर के आदेशों की अनदेखी

इसके बाद वर्ष 2017 में तत्कालीन कलेक्टर शिवांगी स्वर्णकार ने भी पट्टे जारी करने में धांधली होने की शिकायत पर एसडीएम से जांच कराई थी। एसडीएम ने भी आरोपियों के खिलाफ पट्टे जारी करने के आरोप प्रमाणित माने थे। तब स्वर्णकार ने भी डीएलबी व यूडीएच को कार्रवाई के लिए लिखा था। लेकिन सात साल बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इधर, एसीबी ने अब मामला दर्ज किया है।

### बैकडेट में कब्जा और नल कनेक्शन प्रमाण पत्र में काट-छांट

एसीबी की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा जारी किए गए पट्टों को शिकायत की जांच के बाद निरस्त कर दिया था। जबकि आरोपियों ने सभापति व आयुक्त के साथ मिलीभगत करके वापस पट्टा जारी करवा लिया। पट्टा जारी करने के लिए अफसरों ने बैकडेट में मौके पर कब्जा दिखाया गया। जबकि नल कनेक्शन प्रमाण पत्र में कांटछांट करके दस साल पहले का बनाकर फाइल में लगा दिया। मौका निरीक्षण रिपोर्ट भी अफसरों द्वारा बैकडेट में तैयार की गई। दो प्लॉट की डीएलसी दर करीब 50 लाख रुपए है। जबकि वहां पर बाजार कीमत एक करोड़ रुपए से ज्यादा की है। यानी सरकार को करोड़ों रुपए की अफसरों व सभापति ने मिलीभगत करके चपत लगा दी।

# जागो वोटर जागो: साधु के भेष में ठग आए हैं



वेद व्यास
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

प्रदेश में विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित हो गया है और राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान होगा तो 3 दिसंबर को मतगणना होगी। मतदाता में उत्साह और दहशत का माहौल है तो चुनावी पार्टियों और उम्मीदवारों में साम, दाम, दंड, भेद को शतरंज बिछ रही है। सभी चाक चौबंद हो रहे हैं और मतदाता मौन है। मैं भी ये लोकतंत्र का उत्सव 1952 से ही देख रहा हूं कि मतदाता अगली बार अपनी सरकार का सपना देखते-देखते पागल हो गया है। सरकार बदलने पर भी व्यवस्था नहीं बदल रही है और पार्टियां बदलने पर भी जनता का भाग्य नहीं बदल रहा है। जाति-धर्म और धनबल से लोकतंत्र कंगाल हो रहा है। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और आजादी के बाद भी उसकी बुनियादी इच्छाएं पूरी नहीं हो रही है। कभी 76 साल पहले रोटी, कपड़ा, मकान का सपना लेकर हमारा लोकतंत्र एकजुट हुआ था तो कभी गरीबी हटाओ का शंखनाद करता थक गया था तो कभी अच्छे दिन आने वाले हैं का सपना देखकर चौपट हो गया था। स्थिति ये बन गई है कि मतदाता का सपना कभी मरता भी नहीं है तो कभी कोई सपना पूरा होता भी नहीं है। हमारा ये चुनावी लोकतंत्र कबीर दास की ऐसी उलट वाणी की तरह है कि यहां जीना भी जरूरी लगता है तो मरना भी अनिवार्य होता है। ये हमारे अज्ञान की सीमा है।

इस लोकतंत्र में गाते हुए और चिल्लाते हुए पीढ़ियां खप गई हैं, लेकिन आश्चर्य की बात ये है कि मतदाता यहां कभी निराश नहीं होता है और हारकर और कुछ दिन इंतजार कर अगले चुनाव की तैयारी शुरू कर देता है। पांच साल तक असंतोष, अराजकता और हिंसा के बीच घर गृहस्थी को बचाने का उसे इतना अनुभव हो गया है कि अगली बार मेरी सरकार का राग उसके भीतर बजता रहता है। वो जानता है कि लोकतंत्र ही सपने देखने का एक मात्र मंदिर है। इस तरह लोकतंत्र जिंदा कोमों का सदाबहार कुरुक्षेत्र है और यहां चुनाव-दर-चुनाव पार्टियां, कौरव-पांडव और श्रीकृष्ण-अर्जुन तो बदलते रहते हैं, लेकिन अधर्म-जीतकर भी हारता रहता है और पाप चारों तरफ सिर चढ़कर बोलता रहता है। पुरानी तोपें नए-कारतूस चलाती रहती है तो नई तोपें भी पुराने कारतूस आजमाती रहती है, लेकिन अपराधी को कोई नहीं रोकता।

> *अमेरिका के बाद भारत ही एक ऐसा भूखे नंगों का देश है जहां चुनाव को भी होली-दिवाली की तरह पर्व के रूप में मनाया जाता है। प्रचार और झूठ के बाजार की तरह चलाया जाता है। मतदाता के लिए चोर साहूकार की पहचान ही असंभव हो जाती है। यानी कि चुनाव एक उद्योग में बदल गया है और मतदाता जहां भी इंद्र सभा देखता है वहां नाचने लगता है।*

हमारे लोकतंत्र में एक व्यक्ति एक वोट का मूल दर्शन कुछ इस तरह स्थापित हो गया है कि अब सिर गिने जाते हैं, लेकिन गुण ज्ञान नहीं देखा जाता। यही कारण है कि हम अपने संविधान में तो संशोधन करते रहते हैं, लेकिन चुनाव व्यवस्था के नियम और आचरण कभी नहीं बदलते। परिणाम ये है कि धर्म, जाति, क्षेत्रीयता और भाषा के झंडे आज भी चुनाव में लहराए जाते हैं और गरीब मतदाताओं की इच्छाओं पर धनबल, बाहुबल तथा घोषणाओं और आश्वासनों के शिकारी घोड़े दौड़ाए जाते हैं। अमेरिका के बाद भारत ही एक ऐसा भूखे नंगों का देश है, जहां चुनाव को भी होली-दिवाली की तरह पर्व के रूप में मनाया जाता है, प्रचार और झूठ के बाजार की तरह चलाया जाता है। मतदाता के लिए चोर साहूकार की पहचान ही असंभव हो जाती है। यानी कि चुनाव एक उद्योग में बदल गया है और मतदाता जहां भी इंद्र सभा देखता है, वहां नाचने लगता है। एक उदाहरण को देखिए। यहां चुनाव से पहले गरीब मतदाताओं को मुफ्त साड़ियां, कंबल, साइकिल, लैपटॉप, बर्तन, मोबाइल, राशन किट बांटते हैं और किसानों की आत्महत्याएं रोकने के बहाने मुफ्त बिजली, पानी के कनेक्शन एवं कर्ज माफी के ऐलान करते हैं। ये हमारे लोकतंत्र की दयनीय झांकी है और सभी पार्टियां यहां गरीब का चीरहरण करती है। दूसरा उदाहरण ये है कि हमारे लोकतंत्र की चुनाव प्रणाली को कालेधन से जीता जाता है। सुप्रीम कोर्ट की सलाह और चुनाव आयोग की प्रार्थनाओं के बावजूद भी संसद से अपराधियों को चुनाव लड़ने से नहीं रोका जाता। यहां आधे से अधिक विजेता उम्मीदवार करोड़पति और अपराधी होते हैं, लेकिन चुनाव की पवित्र गंगा को मैली करने से कोई नहीं रोक सकता। इस तरह वोट बैंक और नोट बैंक मिलकर सत्ता और व्यवस्था की रामलीला करते रहते हैं जिसमें रावण भी नहीं मरता और राम भी अयोध्या में राज नहीं कर पाते और सीता को भी भूमि समाधि लेनी पड़ती है। लोकतंत्र में मतदाता को लूटने और आंख में धूल झोंकने का ये इतिहास अब इतना दूषित हो गया है कि अपराधी जेल में बंद रहकर भी चुनाव जीत जाते हैं। उद्योगपति पैराशूट से सीधे संसद और विधानसभा में घुस जाते हैं। अब कभी आप सोचिए कि इस लोकतंत्र, संसद और संविधान को कौन चला रहे हैं। तुलसीदास को कौन राम बनाकर नचा रहे हैं।

आजादी के बाद जितने भी चुनाव हुए हैं और जितनी भी सरकारें आई गई हैं उसी का ये कुल जमा परिणाम है कि आस्था और अज्ञान की राजनीति से समाज में हिंसा, भ्रष्टाचार, गैर बराबरी और अमीर-गरीब की खाई बढ़ रही है। गांधी जी और अंबेडकर को यहां कोई मान रहा है। दलित, आदिवासी, महिलाएं तथा अल्पसंख्यक भारत-लोकतंत्र की विकास धारा से बाहर हाशिए पर खड़ा है। कुछ सोचो और जागो नहीं तो अच्छे दिन आगे कभी नहीं आएंगे क्योंकि लोकतंत्र की नई बोतल में जाति धर्म, कालेधन और अपराध की पुरानी शराब-मतदाता को पिलाई जा रही है।

***(ये लेखक के अपने विचार हैं)***

## शास्त्रों में वर्ण व्यवस्था का आधार है कर्म, न कि जन्म

# जाति प्रथा सनातन में नहीं... सिर्फ सियासत



राजेंद्र शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

आज जब पूरे हिंदुस्तान में जाति प्रथा का बोलबाला है। तमाम राजनीतिक दल और नेता जातियों में बंटे देश और समाज से इस विभाजन का लाभ लेने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। जहां जिस जाति का बहुल है, वहां उसी जाति के नेता को लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ाया जाता है। ताकि समाज बंटे तो उनकी बला से, उनको तो सीट चाहिए, अपने प्रत्याशी की जीत चाहिए। और तो और, कोई दल तो कई राज्यों में किसी धर्म विशेष का एक भी उम्मीदवार खड़ा करना मुनासिब नहीं समझता। यह तो हुई राजनीतिक स्थितियां, यदि सामाजिक स्थिति का विश्लेषण करें तो साफ हो जाएगा कि हमेशा से समाज में किसी छोटी या बड़ी जाति की बात होती है। किसी जाति को छोटा और वंचित बताकर उस पर अत्याचारों की बात की जाती है। यानी समूचा सामाजिक ढांचा ही जाति प्रथा को इस तरह से अपना बैठा है, मानो ईश्वर ने ही चारों वर्णों की रचना की है और इसे जाति के आधार पर बांटा है। और तो और, इस मिथ को हमारे जेहन में हमारे रहनुमा बने नेताओं ने ठूंस-ठूंस कर भर दिया है, ताकि वे समाज के इस तरह से हुए बंटवारे का लाभ ले सके।


इस मनोवैज्ञानिक जाल में फंसे आमजन के दिमाग में यह बात बैठ गई है कि सभी को ईश्वर रचित इस व्यवस्था का अनुकरण करना ही करना है। इसका जवाब हमें शास्त्रों में मिलता है, वह इतना स्पष्ट और सच है कि हमारे इस मिथ को छिन्न-भिन्न कर देता है। इसका उल्लेख भगवान श्रीकृष्ण और पार्थ अर्जुन के संवाद में मिलता है। देखें- श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय चार में श्लोक संख्या 13 में भगवान कहते हैं..

***चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।***
***तस्य कर्तारमपि मां***
***विद्ध्यकर्तारमव्ययम्*** *।।4.13।।*

इस श्लोक का अर्थ स्वामी रामसुखदास जी के अनुसार... भगवान कहते हैं- मेरे द्वारा गुणों और कर्मों के विभागपूर्वक चारों वर्णों की रचना की गई है। उस-(सृष्टि-रचना आदि-) का कर्ता होने पर भी मुझ अव्यय रमेश्वर को तू अकर्ता जान। कारण कि कर्मों के फल में मेरी स्पृहा नहीं है, इसलिए मुझे कर्म लिप्त नहीं करते। इस प्रकार जो मुझे तत्व से जान लेता है, वह भी कर्मों से नहीं बंधता। आम बोलचाल के सरल शब्दों में इसका अर्थ यह कि भगवान द्वारा चारों वर्णों को गुण एवं कर्म के आधार पर बांटा गया है, न कि जाति के आधार पर। इसी तरह इस श्लोक का अर्थ स्वामी तेजोमयानंद बताते हैं... गुण और कर्मों के विभाग से चातुर्वण्य मेरे द्वारा रचा गया है। यद्यपि मैं उसका कर्ता हूं, तथापि तुम मुझे अकर्ता और अविनाशी जानो।।

> *आम बोलचाल के सरल शब्दों में इस का अर्थ यह कि भगवान द्वारा चारों वर्णों को गुण एवं कर्म के आधार पर बांटा गया है, न कि जाति के आधार पर। इसी तरह इस श्लोक का अर्थ स्वामी तेजोमयानंद बताते हैं... गुण और कर्मों के विभाग से चातुर्वण्य मेरे द्वारा रचा गया है। यद्यपि मैं उसका कर्ता हूं, तथापि तुम मुझे अकर्ता और अविनाशी जानो।।*




• अध्याय ४ • ६७

उनको कर्मोंसे उत्पन्न होनेवाली सिद्धि शीघ्र मिल जाती है॥ १२॥

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।
तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम्॥

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र—इन चार वर्णोंका समूह, गुण और कर्मोंके विभागपूर्वक मेरे द्वारा रचा गया है। इस प्रकार उस सृष्टि-रचनादि कर्मका कर्ता होनेपर भी मुझ अविनाशी परमेश्वरको तू वास्तवमें अकर्ता ही जान॥ १३॥

श्रीहरिकृष्णदास श्रीशंकराचार्य की संस्कृत व्याख्या का हिंदी अनुवाद करते हुए इस श्लोक का अर्थ और भी अधिक स्पष्ट करते हैं- मनुष्य लोक में ही वर्णाश्रम आदि के कर्मों का अधिकार है अन्य लोकों में नहीं, यह नियम किस कारण से है यह बताने के लिए (अगले श्लोक में कहते हैं) अथवा वर्णाश्रम आदि विभाग से युक्त हुए मनुष्य सब प्रकार से मेरे मार्ग के अनुसार बर्तते हैं, ऐसा आपने कहा, सो नियमपूर्वक वे आपके ही मार्ग का अनुसरण क्यों करते हैं दूसरे के मार्ग का क्यों नहीं करते? इस पर भगवान कहते हैं (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) इन चारों वर्णों का नाम चातुर्वर्ण्य है।

सत्त्व-रज-तम इन तीनों गुणों के विभाग से तथा कर्मों के विभाग से यह चारों वर्ण मुझ ईश्वर द्वारा रचे हुए, उत्पन्न किए हुए हैं। ब्राह्मण इस पुरुष का मुख हुआ इत्यादि श्रुतियों से यह प्रमाणित है। उनमें से सात्त्विक सत्त्व गुणप्रधान ब्राह्मण के शम-दम-तप इत्यादि कर्म हैं। जिसमें सत्त्वगुण गौण है और रजोगुण प्रधान है उस क्षत्रिय के शूरवीरत-तेज-प्रभृति कर्म हैं। जिसमें तमोगुण गौण और रजोगुण प्रधान है, ऐसे वैश्य के कृषि आदि कर्म हैं तथा जिसमें रजोगुण गौण और तमोगुण प्रधान है उस शूद्र का केवल सेवा ही कर्म है। भगवान कहते हैं, इस प्रकार गुण और कर्मों के विभाग से चारों वर्ण मेरे द्वारा उत्पन्न किए गए हैं, यह अभिप्राय है। ऐसी यह चार वर्णों की पृथक-पृथक व्यवस्था दूसरे लोकों में नहीं है इसलिए (पूर्व श्लोक में) "मानुषे लोके" यह विशेषण लगाया गया है। यदि चातुर्वर्ण्य की रचना आदि कर्म के आप कर्ता हैं, तब तो उसके फल से भी आपका संबंध होता ही होगा, इसलिए आप नित्यमुक्त और नित्य ईश्वर भी नहीं हो सकते। इस पर कहा जाता है यद्यपि मायिक व्यवहार से मैं उस कर्म का कर्ता हूं, तो भी वास्तव में मुझे तू अकर्ता ही जान तथा इसीलिए मुझे अव्यय और असंसारी ही समझ। स्पष्ट है, जन्म से कोई व्यक्ति ऊंचा या नीचा नहीं होता, कर्म के आधार पर होता है। या कहें, जब तक वर्ण व्यवस्था सनातन शास्त्रों के अनुसार चली, यह कर्म के आधार पर रही, न कि जन्म के आधार पर। यानी जो जैसा कर्म करता है, वह ईश्वर को उसी के अनुसार प्राप्त करता है। साफ है, व्यक्ति किसी भी कुल में पैदा हो, वह अच्छे कर्मों से उच्च बन सकता है। भागवत पुराण में भी देखें तो वर्ण व्यवस्था का प्रतीक रूप में वर्णन मिलता है यथा वेद ही एक वांगमय, ओंकार ही एक नारायण जप, अग्नि विज्ञान का एक ही अंग था और एक ही वर्ण था।

किसी भी धर्म शास्त्र में कहीं किसी जाति का उल्लेख नहीं मिलता। फिर, कौन लाया यह जाति प्रथा, किसने बांटा वर्णों को जन्म के आधार पर? डॉ.भीमराव अंबेडकर लिखते हैं कि 1000 बी.सी. में आर्य इस शब्द (जाति) को लेकर आए। इसके बाद जब अंग्रेजों को अपना शासन अक्षुण्ण करना था, जब उनका हिंदू-मुस्लिम को बांटकर आजादी आंदोलन को (1857 से शुरू) बिखेरने का षड्यंत्र विफल हो गया, तब उन्होंने जाति प्रथा लागू कर देश को विभिन्न जातियों में बांटने का खेल खेला। यानी 'फूट डालो और राज करो।' इस साजिश के तहत साल 1901 में ब्रिटिश सेंसस (जनगणना) कमिश्नर हर्बट होप रिस्ले ने भारत की जनगणना में समाज को 4,000 जातियों में बांट देश में जातिप्रथा लागू कर दी।

यह ब्रिटिश शासन की ऐसी देन है, जिसने भारतीय समाज का ऊंच-नीच में बांट लोगों के बीच वैमनस्य की खाई खोद दी, जिसका लाभ आज के राजनेता कभी ओबीसी के नाम से, कभी जातिगत जनगणना के नाम से तो कभी आरक्षण के नाम से वोट बटोरने में ले रहे हैं, जबकि खमियाजा हर भारतीय भुगत रहा है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## कविता



कवि
शैलेन्द्र चौहान

### देशसेवा परमोधर्मः

*चुनावों का जोर है*
*शोर नहीं होता इन दिनों*
*नहीं चीखता लाउडस्पीकर*
*चीखते हैं एंकर टीवी चैनलों पर*
*विज्ञापनों से भरे होते हैं अखबार।*

*सोशल मीडिया से अनुकूलित होते हैं मतदाता*
*फुरसतिया मध्यवर्ग, व्यवसायी, उत्साही पार्टी*
*कार्यकर्ता, विद्यार्थी संगठनों से संबद्ध युवा,*
*पार्टी संगठनों से प्रेरित महिलाएं, पार्टी समर्थक*
*बनते हैं चुनावी मोहरें।*

*उत्तेजना से भरपूर जनता और*
*देश के लिए काम करने की रट लगाते*
*लूटपरस्त नेताओं के शागिर्द*
*पूरे जोश और उत्साह से प्रचार में होते हैं व्यस्त*
*इस उम्मीद में कि हड्डी में चिपका मांस आ*
*सकता है।*

*उनके हिस्से यही उनका देशप्रेम,*
*विकास और संफलता का मार्ग*
*मद, मदिरा, लोभ, आनंद अभीष्ट।*

*समस्याएं तो सनातन हैं जितना मनुष्य*
*क्या रोना महंगाई, बेरोजगारी,*
*अच्छी, शिक्षा और स्वास्थ्य का*
*ये बहुत आवश्यक हैं।*

*सरकार और नेताओं के अस्तित्व के वास्ते*
*पूंजीपतियों के लाभ और सार्वजनिक*
*धनसंपत्ति की लूट के लिए*
*गरीबी नितांत आवश्यक*
*लूट और शोषण स्वाभाविक वृत्तियां हैं*
*सत्ता और शासकों की शक्ति हैं।*

*मतदान है महापर्व*
*लोकतंत्र है गौरवान्वित*
*मनाओ खुशियां, जियो भ्रम में, रहो आनंदित*
*यही है समझदारी लोक है सतरें,*
*गोटियां, चारा और मनोरंजन*
*इनका सहज उपभोग करते हैं महा-जन।*

## नॉलेज कॉर्नर: बढ़ते एयर पॉल्यूशन से बिगड़ सकते हैं हार्मोन

# हार्ट और ब्रेन पर पड़ता है बुरा असर!

प्रदूषित हवा से हमारे शरीर के अंगों को बहुत नुकसान पहुंच रहा है। इससे सांस की बीमारियां हो रही हैं। हार्ट और ब्रेन तक पर असर पड़ रहा है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिंता की बात यह है कि एयर पॉल्यूशन शरीर में हार्मोन के लेवल को भी बिगाड़ सकता है। इससे शरीर में कई खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, हार्मोनल असंतुलन की कोई बीमारी नहीं है, बल्कि वो अलार्म होता है, इसलिए आपको हमेशा सावधान रहने की जरूरत है। एयर पॉल्यूशन हमारे जीवन के लिए कितना खतरनाक साबित हो रहा है जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### इन बीमारियों का खतरा

चिकित्सकों का कहना है कि वायु प्रदूषण से हार्मोन बिगड़ सकते हैं। इस कारण पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम और एंडोमेट्रियोसिस जैसी बीमारियां होने का रिस्क रहता है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कोई भी बीमारी किसी को अचानक नही होती वो धीरे -धीरे हमारे शरीर को कई बार संकेत देती है।हमें इन लक्षणों की पहचान करनी है और समय पर उपचार लेना हैं जिससे किसी भी बीमारी को होने से पहले ही रोका जा सके। एक्सपर्ट्स बताते हैं अगर नींद पूरी लेने के बाद भी आपको थकान और कमजोरी लग रही है और ये सब दिक्कतें आपको रोजाना



हो रही हैं तो आपको डॉक्टर से सलाह लेने की जरूरत है, क्योंकि हार्मोनल असंतुलन की वजह से ये लक्षण शुरुआत में देखे जाते हैं, लेकिन सही ट्रीटमेंट न लेने से स्थिति बिगड़ सकती है। चूंकि प्रदूषण बढ़ने से हार्मोन बिगड़ने का भी खतरा है। ऐसे में आपको सतर्क रहने की जरूरत है।

### ऐसे करें बचाव

एक्सपर्ट्स बताते हैं कि हार्मोन असंतुलन होने पर आपको घबराने की जरूरत नही है क्योंकि ये हमारी खराब लाइफस्टाइल की वजह से होता है।अगर हम व्यायाम और बाहर का खाना कम कर दें और अपनी डाइट में जरूरी विटामिन और प्रोटीन की मात्रा को शामिल कर लें तो काफी हद तक एयर पॉल्यूशन से होने वाली किसी भी बीमारी से बचा जा सकता है।

### हार्मोन असंतुलन के लक्षण?

*हार्मोन असंतुलन के पुरुष और महिलाओं में अलग अलग लक्षण हो सकते हैं। महिलाओं को कमजोरी, थकान, बेचैनी की शिकायत हो सकती है तो वहीं पुरुषों में बिना किसी वजह का वजन का कम होना,चिड़चिड़ापन, सिर दर्द हो सकता है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
'अमृत काल' में 'परम मित्र' के भाई भारत छोड़ कर क्यों भागे? 'गोल्डन पासपोर्ट' मतलब चोरी का सुनहरा मौका - जनता का पैसा चुराओ, Shell कम्पनी बनाओ और विदेश में उड़ाओ।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
ये जनकुंभ, ये स्नेह बेशुमार
उदयपुरवाटी का दिल से आभार



**दीया कुमारी,** बीजेपी सांसद, राजस्थान
@KumariDiya
सुरक्षित सरहद, खुशहाल जवान
#कमल_चुनेगा_राजस्थान।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
सबकी सुनें, लेकिन जो वे कहते हैं उसे यह निर्धारित न करने दें कि आप कैसे हैं।



**चुनावी पोळ**

रामा श्यामा छोड़ कै,
धोरां में ललकार।
बंतळ, रैली राज री,
सियासी टणकार।।

■ गजानन

**विधानसभा चुनाव** 120 सीटों पर भाजपा-कांग्रेस का सीधा मुकाबला, बाकी पर बहुकोणीय संघर्ष

# 80 सीटें दो से ज्यादा पहलवानों का अखाड़ा, बागी बिगाड़ेंगे खेल!

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में चुनावी बिगुल बजने के बाद अब मुकाबले का दिन नजदीक आने के साथ लगातार माहौल गर्म हो रहा है। इस बार मतदाताओं का भरोसा हासिल कर कौन सत्ता पर काबिज होगा ये तो अभी कहा नहीं जा सकता लेकिन इस बार दोनों ही बड़ी पार्टियों की सत्ता की राह मुश्किलों भरी नजर आ रही है। वजह हैं, दोनों पार्टियों के समीकरण बिगाड़ रहे बागी और अन्य पार्टियों के प्रत्याशी। जानकारों की मानें तो 200 में से 120 सीटों पर तो भाजपा व कांग्रेस में सीधा मुकाबला है लेकिन शेष 80 सीटों पर बागी निर्दलीय या तीसरी पार्टी के प्रत्याशी बहुत मजबूत स्थिति में हैं और दोनों पार्टियों के लिए मुश्किल बने हुए हैं। इन 80 सीटों में से करीब 68 पर मुकाबला त्रिकोणीय है और शेष 12 सीटों पर चतुष्कोणीय मुकाबला दिखाई दे रहा है। इन सीटों पर चुनाव किसी भी दिशा में जा सकता है। कई सीटों पर पार्टियों के दमदार बागी मैदान में हैं तो कई सीटों पर बसपा, रालोपा और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों ने मुकाबले को रोमांचक बना दिया है।




## यहां तीन प्रत्याशियों में मुकाबला

सवाई माधोपुर, कोटपूतली, श्रीगंगानगर, चित्तौड़गढ़, लाडपुरा, डीडवाना, बाड़मेर, बायतु, संगरिया, उदयपुरवाटी, झोटवाड़ा, सिवाना, चैहटन, हिंडौन, सीकर, सरदारशहर, वल्लभनगर, खेरवाड़ा, सलूम्बर, राजसमंद, कुम्भलगढ़, जैतारण, जायल, बूंदी, केशोरायपाटन, मनोहरथाना, डग, प्रतापगढ़, रामगढ़, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, किशनगढ़बास, मुंडावर, गंगापुरसिटी, निवाई, करौली, सपोटरा, कठूमर, बहरोड़, शाहपुरा (भीलवाड़ा), खंडेला, लूणकरणसर, झुंझुनूं, मावली, सांचैर, पिलानी, खेतड़ी, सादुलशहर, करणपुर, अनूपगढ़, रायसिंहनगर, हनुमानगढ़, भादरा, नोखा, डूंगरपुर, डूंगरगढ़, शाहपुरा (जयपुर), आसपुर, भीलवाड़ा, किशनगढ, नसीराबाद, आसींद, नागौर, खींवसर, मेड़ता, परबतसर, जालौर, अजमेर उत्तर और मसूदा में भाजपा-कांग्रेस के साथ एक अन्य प्रत्याशी मैदान में है जो इन दोनों पार्टियों के समीकरण बिगाड़ सकता है।

### और यहां 5 प्रत्याशी मुकाबले में

इस बार के चुनाव में बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा सीट पर पंचकोणीय मुकाबला होता दिखाई दे रहा है। यहां भाजपा के दो व कांग्रेस का एक मजबूत बागी मैदान में है। शिव के मौजूद विधायक कांग्रेस के अमीन खान हैं। अमीन इस बार भी कांग्रेस प्रत्याशी हैं। अमीन खान को टिकट के विरोध में पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे फतेह खान निर्दलीय मैदान में ताल ठोक रहे हैं। भाजपा ने स्वरूपसिंह खारा को मैदान में उतारा है। जेएनवीयू के छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुके रविन्द्र सिंह भाटी व विधायक रह चुके जालम सिंह रावलोद निर्दलीय लड़ रहे हैं। भाटी हाल ही भाजपा में शामिल हुए थे। टिकट के दावेदार थे, पर टिकट नहीं मिली तो निर्दलीय मैदान में उतरे हैं। इस प्रकार शिव विधानसभा सीट पर पांच मजबूत उम्मीदवारों में मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### धमकी, कार्रवाई से भी नहीं डरे बागी

प्रदेश के चुनावों में दोनों बड़ी पार्टियां बागियों से पहले ही डरी हुई थीं। इसी के चलते दोनों पार्टियों की टिकट सूचियां भी खासी लेट हुई। कई स्तरों पर चले मंथन के दौर और लंबे इंतजार के बाद दोनों पार्टियों ने सूची जारी की तो अपना नाम ना देख दावेदार भड़क गए। पहले नामांकन की तिथि तक पार्टी से बागी होकर मैदान में निर्दलीय उतरने वाले नेताओं की समझाइश चलती रही। सरकार में एडजस्ट करने के प्रलोभन व कार्रवाई की धमकी के बावजूद जिन नेताओं ने नामांकन दाखिल कर दिए उनको इसके बाद भी मनाया गया। कई बागियों ने इसके बाद हथियार डाल दिए। लेकिन कई नेता अभी भी पूरे दमखम के साथ मैदान में अड़े हैं। अब निष्कासन की कार्रवाई की जा रही है।

**इन सीटों पर चार मजबूत चेहरे**

चौरासी, दांतारामगढ़, धोद, ब्यावर फतेहपुर, सूरतगढ़, विराटनगर, चौमूं, बस्सी, कपासन, और पुष्कर विधानसभा सीटों पर चतुष्कोणीय मुकाबला है।

### कांग्रेस के ये मजबूत बागी मैदान में

खिलाड़ीलाल बैरवा, जौहरीलाल मीणा, रामलाल मेघवाल, नरेश मीणा, फतेह खान, श्रीगोपाल बाहेती, ओम बिश्नोई, दुर्गा सिंह चौहान, देवाराम रोत, हबीबुर्रहमान, करुणा चांडक, मनोज चौहान, आलोक बेनीवाल, सुनिल परिहार, कैलाश मीणा, राजकरण चौधरी, अजीजुद्दीन आजाद, वीरेन्द्र बेनीवाल, राकेश बोयत, रामनिवास गोयल, महेन्द्र बारजोड़ और गोपाल गुर्जर।

### भाजपा के ये बागी बिगाड़ेंगे खेल

यूनुस खान, चन्द्रभान आक्या, प्रियंका चौधरी, रविन्द्र सिंह भाटी, राजेन्द्र भादू, राजेन्द्र भाम्बू, राजेन्द्र नायक, ताराचंद धायल, कैलाश मेघवाल, आशा मीणा, गुलाब सिंवर, जीवाराम चौधरी, विजय कुमार मीणा, जसवीर सिंह खरवा, इन्द्र सिंह, हिम्मत सिंह राजपुरोहित, प्रभुदयाल सारस्वत, भवानी सिंह राजावत, मुकेश गोयल, बंशीधर बाजिया, आशुसिंह सुरपुरा, पवनी मेघवाल, रामचन्द्र सुनेरीवाल, रितु बनावत, जितेन्द्र मीणा, अशोक कोठारी, ज्ञानचंद सारस्वत, रुपेश शर्मा, मधुसूदन भिंडा, योगी लक्ष्मण नाथ।

**बिहाइंड द कर्टेन**




## किसका तंबू उखाड़ेगी ये आंधी

कैम्पेनिंग और कन्वेंसिंग पीक पर है। कहीं ऑडियो तो कहीं वीडियो लीक हो रहे हैं। वोटर्स को बरगलाने के लिए मुद्दों को फेंटा जा रहा है। महिला को नारी शक्ति, किसानों को अन्नदाता, बेरोजगार नौजवानों को युवाशक्ति बताया जा रहा है। मध्यम वर्ग और गरीबों को भी मजबूत करने का इरादा जता रहे हैं। ये स्तंभ मजबूत होंगे तभी विकसित भारत की इमारत ऊंची उठेगी। सवाल है कि ये स्तंभ ध्वस्त कैसे हो गए और कब मजबूत होंगे। नेता किसी पार्टी के हों, असली सवाल का जवाब देना ही नहीं चाहते। कोई तीर निशाने पर लग ही नहीं रहा। तो चुनाव को भारत-पाकिस्तान का मैच बताया जाने लगा है। किसी को अपनी पार्टी के पक्ष में आंधी चलती नजर आ रही है, किसी को तूफान। कह रहे हैं तंबू उखड़ जाएगा। दूसरी पार्टी को नफरती, तबाही लाने वाली, उसके नेताओं को मानसिक बीमार और मूर्खों का सरदार बता रहे हैं। बड़े नेताओं के बोल ऐसे हों तो छोटे कहां पीछे रहने वाले हैं। एक उम्मीदवार ने सामने चुनाव लड़ने वाले की दोनों टांगे तोड़ने की धमकी दी है। दूसरा कह रहा है किसी को मारना पड़े तो मार डालो। चुनाव आयोग को शिकायत करते रहो। कौन डरता है आयोग से। बगावत करने वालों को अनुसाशन के नाम पर हिदायत दी जा रही है। डैमेज कंट्रोल फेल हो गया तो नए एक्शन प्लान बन रहे हैं। बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। क्या फर्क पड़ता है। पार्टी में रहें या बाहर हो जाएं। जानते हैं जरूरत होने पर गधे को बाप बना लेते हैं। खुदा न खास्ता कोई जीत गया तो फिर माला पहना देंगे। कुछ तो पहले भी निष्कासित हो चुके। फिर ससम्मान वापसी हो गई। नफा-नुकसान देखकर फैसले होते हैं। असलियत नेता तो जानते ही हैं, जनता भी समझ रही है। कई नेताओं की हालत अपने ही क्षेत्र में पतली है। बागियों ने नाक में दम कर रखा है। कह रहे हैं कि छोटी-मोटी बातें तो परिवार में भी होती रहती हैं। गुटबाजी ऐसी है कि लुटिया डूब सकती है। फिर भी कह रहे हैं कि सबके मन मिले हुए हैं। दावा कर रहे हैं कि पार्टी भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। इस चुनाव में 3 दिसंबर के बाद क्या होगा पता नहीं, बातें 2024 में पीएम बनाने की हो रही हैं। अभी बहुत कुछ घटने वाला है। देखते रहो।

■ *यायावर*

**थड़ी पॉलीटिक्स**

## ये राजनीति का ऊंट है, किसी भी करवट बैठ सकता है

**स्थान** मालवीय नगर | **समय** दोपहर 12:45 बजे

**जयपुर**

दिवाली के माहौल का पटाक्षेप हो चुका है। इस बार छह दिन मनाया गया त्योहार लोगों के जीवन में उल्लास घोल गया। पर हर साल की तरह इस साल का उल्लास सिर्फ इन पांच-छह दिनों खत्म होने वाला नहीं है। इस बार ये उल्लास और आगे जाने वाला है क्योंकि अब चुनावी त्योहार का असली काउंटडाउन शुरू हो गया है। चुनाव में महज दस दिन बचे हैं तो चुनावी उल्लास ने फिर रंग बिखेरना शुरू कर दिया है। बाजारों में से जैसे ही दिवाली की सजावट उतरना शुरू हुई, चुनावी सजावटों ने इस जगह पर कब्जा जमा लिया। गलियों, सड़कों पर निकलते नेताओं के जुलूसों से उठते नारों से माहौल गूंजने लगा है। समर्थकों के हुजूम के साथ नेताओं की रैलियां फिर दिखने लगी हैं। नेताओं की जनसभाओं का शोर पटाखों के शोर को भी मात देने लगा है। इन सबके साथ ही यहां-वहां चाय की थड़ियों पर जमी मंडलियों में चल रहा कयासों का दौर भी नए ट्रैक पर आ गया है। तो, लोगों के बीच चलने वाली चकल्लस से चुनावी मिजाज का आंकलन करने हम पहुंचे मालवीय नगर में वर्ल्ड ट्रेड पार्क के पास एक चाय की स्टॉल पर। अभी यहां से एक प्रत्याशी का रेला निकला है तो चर्चा उसी की चल रही है। "अबकी बार तो मुश्किल में लग रही है मठाधीश की कुर्सी। पिछली बार जो थोड़ी सी कसर रह गई थी, लगता है इस बार पूरी हो जाएगी। वैसे जनता भी बोर हो गई है यार एक ही एक आदमी का चेहरा देख-देखकर।" इशारों में बात कही गई तो इशारों में ही जवाब आया- "कुछ होना-जाना नहीं है। जो साथ लग रहे हैं उनको तो साथ लगना ही है क्योंकि पार्टी को दिखाना है। जिसको तुम मठाधीश बता रहे हो उसने अपनी पकड़ ऐसी बना ली है कि उसे हिलाने में बहुत जोर आने वाला है। और ऐसा लगता नहीं कि कोई सामने से इतना जोर लगा पाएगा। क्योंकि मैनें तो सुना है कि सामने वालों के खुद के लोग ही पत्ता काटने में लगे हैं।" बात में कुछ दम तो था पर सामने वाला इतनी जल्दी हथियार डालने वाला नहीं था-"ऐसा कुछ नहीं है भाई, देखा नहीं क्या अभी रेला। और इन्होंने दस-बारह साल में इतना तो लोगों में पहचान बना ली है कि कोई भी इन्हें मुकाबले से बाहर नहीं मान सकता। पिछली बार देखा नहीं था क्या, कैसे काउंटिंग के टाइम तोते उड़ा दिए थे और तुम जिनके गुण गा रहे हो वो बाल बाल बचे थे।" सामने वाले ने बात को खत्म करने की मंशा से कहा- "गुरु, पिछली बार बात अलग थी, इस बार अलग है। कई फैक्टर पिछली बार थे, इस बार नहीं हैं। और कई फैक्टर पिछली बार नहीं थे वो इस बार हैं। खैर ये मैदान सेफ तो किसी के लिए भी नहीं है ये तय है। मुकाबला तो तगड़ा है। रिजल्ट जब आएगा तब ही पता चलेगा। ये राजनीति का ऊंट है, किसी भी करवट बैठ सकता है।" और इसी के साथ सभा बर्खास्त हुई।

**पॉली क्लिक्स**



### चुनावी वजन

चुनावी दौरे कर रहे नेताओं को विभिन्न वस्तुओं से तोल कर उन्हें समर्थन देने का भी एक रोचक ट्रेंड है। मालवीय नगर सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सराफ को वार्ड नं. 144 में जनसंपर्क के दौरान स्थानीय निवासियों ने केलों से तोला। लोगों में फोटोग्राफी का भी क्रेज रहा।

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**



■ *गुलाब बत्रा*, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# अपने इलाके के बच्चों को भी पहचानते थे जयपुर की राजनीति के पुरोधा भंवर जी

एक जमाना था जब चुनावी शोरगुल से गली मौहल्ले गूंज उठते थे। चुनावी जुलूस, नुक्कड़ सभाएं, चुनाव चिह्न के बिल्लों के लिए बच्चों की छीना झपटी, रिक्शा तांगा या ऑटो रिक्शा पर प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव चिह्न पर क्रॉस वाली मोहर लगाकर वोट देने की अपील। घरों तथा बाजारों में विशेषकर राजनैतिक दल के झण्डे फर-फर फहराते थे। समय के साथ साथ सब बदलता चला गया। संचार क्रांति के नए युग में चुनाव भी हाईटेक हो गए हैं तथा चुनाव प्रचार का तौर तरीका भी नित नया रूप धारण करने लगा है। वॉर रूम, चुनाव रणनीतिकार न जाने क्या क्या शब्दावली गढ़ी जाने लगी है। ऐसे माहौल की चुनावी दौड़ में किसी उम्मीदवार का झण्डा-डंडा की फितरत से परे रहकर महज एक पर्ची के सहारे एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए चुनावी छक्का लगाने में कामयाब हो जाना हतप्रभ कर जाता है। आप सोच रहे होंगे- भला यह कैसी जादुई पर्ची होती थी जिसमें चुनावी जीत दर्ज रहती थी। दरअसल यह उस निर्वाचन क्षेत्र में वितरित की जाने वाली पर्ची का कमाल था और इस पर्ची को तैयार करने वाले पार्टी कार्यकर्ता होते थे।

इस पर्ची का खुलासा राजस्थान के विश्वविख्यात प्रतीक चिह्न से करते हैं जिसकी पहचान हवामहल के रूप में होती है। गुलाबी नगर जयपुर में यह राजस्थान विधानसभा का एक निर्वाचन क्षेत्र है। और हमारी इस जादुई पर्ची के नायक भंवरलाल शर्मा थे जिन्होंने 1977 से लगाकर 1998 तक लगातार छह चुनावों में सफलता हासिल की। लेकिन इससे पहले 1972 में किशनपोल क्षेत्र से भंवरलाल कांग्रेस के श्रीराम गोटेवाला से चुनावी हार का स्वाद चख चुके थे।



भंवरलाल शर्मा की चुनावी सफलता का राज अपने क्षेत्र में गहरी पैठ से जुड़ा हुआ रहा। भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ा एवं लीला स्थली ब्रज अंचल में प्रसिद्ध कहावत है- चूल्हे में जड़। कद में ठिगने भंवरलाल ने अपने व्यवहार एवं आचरण से इसे मूर्त रूप दिया। घर-घर में उनकी पहचान बड़े-बूढ़ों ही नहीं बच्चों तक से रही, जिन्हें वह नाम तक से पुकार लेते थे।

उनकी स्निग्ध मुस्कान सामने वाले के अन्तःकरण को स्पर्श कर जाती। भंवर जी को चुनाव जीतने के लिए अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ती थी। उनके शुभचिंतकों, समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा तैयार की जाने वाली मतदाता पर्ची घर घर पहुंचाती और मतदान के लिए मतदाताओं में सबसे पहले वोट डालने की होड़ तक लग जाती। मतगणना से चुनावी जीत की खबर मिलते ही पर्ची बनाने और वितरित करने वालों का जोश देखते ही बनता था। ■ क्रमशः

### मंत्री बने पर सादगी रही बरकरार

सीए शंकर अग्रवाल बताते हैं कि जयपुर नगर निगम के प्रथम महापौर मोहन लाल गुप्ता ने एक बार जोश में आकर निर्वाचन क्षेत्र में झंडे लगवा दिए तो भंवर जी नाराज हो गए। महापौर बनने पर भंवर जी ने मोहनलाल गुप्ता को सलाह दी कि वे महापौर की गाड़ी का इस्तेमाल नहीं करें। तब मोहनलाल गुप्ता का जवाब था कि भंवर जी भाई साहब आपकी अपनी पहचान है पर हमारी पहचान तो मेयर की गाड़ी से ही होगी। भंवर जी भैरोंसिंह शेखावत मंत्रीमंडल में वरिष्ठ मंत्री रहे लेकिन उनकी सादगी-सरलता बरकरार रही।

### छह बार लगातार जीतने का बनाया रिकॉर्ड

भंवर जी के चुनावी सफर की शुरुआत आपातकाल के पश्चात वर्ष 1977 में हुई। पहले चुनाव में उन्होंने 88.37 प्रतिशत वोट लेकर कांग्रेस के रामेश्वर प्रसाद को 28017 मतों से पराजित किया। विपक्षी प्रत्याशी को मात्र 3642 वोट मिले। वर्ष 1980 के चुनाव में कांग्रेस के किशन सिंह आजाद को मिले 12978 वोट की तुलना में उनकी पराजय 16431 वोट से हुई। राजस्थान विधानसभा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे रामकिशोर व्यास तथा जाने माने एडवोकेट दुर्गालाल बाढदार तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री नवल किशोर शर्मा के पुत्र बृजकिशोर शर्मा ने हवामहल निर्वाचन क्षेत्र का दो-दो बार प्रतिनिधित्व किया है। गिरधारी लाल भार्गव, सुरेन्द्र पारीक और महेश जोशी इस क्षेत्र से एक-एक पारी खेल चुके हैं। लेकिन लगातार छः चुनाव जीतने का कीर्तिमान भंवर जी के नाम पर दर्ज है। वहीं सर्वाधिक मतों के अंतर से चुनाव जीतने का रिकॉर्ड भी उनके नाम पर है। वर्ष 1977 के चुनाव में भंवर जी 28 हजार से अधिक मतों से विजयी हुए थे।

**मध्य प्रदेश की चुनाव परिक्रमा:** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका गांधी के निशाने पर रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया

# हमें महाराज बोलने की आदत नहीं, वो अहंकार में, वाह भई वाह!

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को राज्य में सियासी घमासान मच रहा। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने दतिया में और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैरसिया में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रैली को संबोधित किया। प्रियंका ने रैली केंद्रीय मंत्री और अपनी पार्टी के पूर्व सहयोगी ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोलते हुए उन्हें 'गद्दार' करार दिया। प्रियंका ने कहा, हमें महाराज बोलने की आदत नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, क्या है कि वो कद में थोड़े छोटे पड़ गए लेकिन अहंकार में तो भई, वाह भई वाह! कार्यकर्ता मुझसे कहते थे कि उन्हें अपना काम कराने के लिए सिंधिया को महाराज बोलना पड़ता है और यह उनकी आदत नहीं है। प्रियंका ने सिंधिया पर कटाक्ष करते हुए कहा, उन्होंने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। विश्वासघात तो बहुतों ने किया है, लेकिन इन्होंने ग्वालियर और चंबल की जनता के साथ विश्वासघात किया है। बनी बनाई सरकार को गिरा दिया।



## कांग्रेस ने देश को प्रमुख संस्थान दिए: खरगे

**बैरसिया।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बड़े बांधों, हरित और श्वेत क्रांति, देश में प्रमुख इंजीनियरिंग एवं चिकित्सा संस्थानों की स्थापना के लिए दशकों से चली आ रही कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों की दूरदर्शिता और नीतियों को श्रेय दिया। खरगे बुधवार को भोपाल जिले के बैरसिया निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कारण ही देश में संविधान बना और लोकतंत्र बचा रहा और वह पूछते हैं कि कांग्रेस ने देश के लिए क्या किया? देश में लोकतंत्र की वजह से मोदी प्रधानमंत्री बने हैं और लोगों को वोट देने



का अधिकार पंडित जवाहर लाल नेहरू और डॉ. भीमराव अंबेडकर की वजह से मिला है। कांग्रेस सरकारों की उपलब्धियां गिनाते हुए खरगे ने पूछा कि देश में संचालित होने वाला सबसे बड़ा डेयरी सहकारी ब्रांड अमूल किसने बनाया था।

### भाजपा पर साधा निशाना

खरगे ने कहा कि अगर उन्हें (भाजपा को) उस समय सत्ता मिलती, तो वे मनु शास्त्र (एक प्राचीन ग्रंथ) को लागू करके देश चलाते और दलितों को सार्वजनिक सड़कों और जल स्रोतों तक पहुंच से वंचित कर देते। खरगे ने मध्यप्रदेश में 18 साल के शासन के लिए भाजपा की आलोचना की। उन्होंने भाजपा सरकार पर व्यापमं और उज्जैन में महाकाल लोक के निर्माण में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मतदाताओं से भ्रष्ट पार्टी को सत्ता से बाहर करने का आग्रह किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने दो करोड़ नौकरियों का वादा करने के बावजूद देश में 30 लाख रिक्त पदों को नहीं भरने के लिए मोदी सरकार पर हमला बोला।

## JD(S) के दो पूर्व विधायक कांग्रेस में शामिल



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में जनता दल (एस) के विधायक आर मंजूनाथ और डी सी गौरीशंकर बुधवार को अपने समर्थकों के साथ सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हो गए। गौरीशंकर तुमकुरु ग्रामीण से विधायक थे और मंजूनाथ ने शहर की दशरहल्ली सीट का प्रतिनिधित्व किया था। बेंगलुरु के बोम्मनहल्ली से जद (एस) के वरिष्ठ नेता टी आर प्रसाद भी कांग्रेस में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने जद (एस) के इन नेताओं और समर्थकों का पार्टी में स्वागत किया। सिद्धरमैया ने कहा कि जद (एस) के 'सांप्रदायिक' होने के बाद इन नेताओं ने कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया।

## कर्नाटक: विजयेंद्र ने कार्यभार संभाला जीत का लक्ष्य तय

**बेंगलुरु।** कर्नाटक प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने बुधवार को औपचारिक रूप से यहां राज्य पार्टी कार्यालय में अपना कार्यभार संभाल लिया और अगले वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव में राज्य की सभी लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया। ताकत और एकता प्रदर्शित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा, बसवराज बोम्मई और डी वी सदानंद गौडा तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता इस दौरान मौजूद थे। येदियुरप्पा के बेटे तथा विधायक विजयेंद्र (47) को दस नवंबर को इस पद पर नियुक्त किया गया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वह पार्टी नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए ईमानदारी से काम करेंगे।

**जनजातीय समूहों के लिए PM मिशन शुरू,** 24,000 करोड़ की सौगात

# आदिवासियों के लिए मिशन मोड पर काम, कर्ज चुकाने यहां आया

**एजेंसी** | खूंटी (झारखंड)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी गौरव के प्रतीक बिरसा मुंडा की जयंती पर बुधवार को वंचित आदिवासियों को न्याय दिलाने के लिए 'मिशन मोड' पर काम करने का वादा किया और कमजोर जनजातीय समूहों के लिए 24,000 करोड़ रुपए की परियोजना शुरू करते हुए कहा कि वह उनका कर्ज चुकाएंगे।

प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद राज्य के खूंटी फुटबॉल मैदान में एक सार्वजनिक रैली में कहा, मैं वंचितों का कर्ज चुकाने के लिए उनकी भूमि पर आया हूं।

पीएम मोदी ने इस अवसर पर 'पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान' के अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा' सहित कई योजनाएं भी शुरू कीं जिनका उद्देश्य उन लोगों तक पहुंचना है जो विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए पात्र हैं, लेकिन अब तक लाभान्वित नहीं हुए हैं।

उन्होंने राष्ट्र के विकास के लिए चार स्तंभों- महिलाओं, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग एवं गरीबों के सशक्तीकरण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय तभी सुनिश्चित होता है जब सभी सरकारी योजनाओं का लाभ समान मात्रा में सब तक पहुंचे।





### बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की

पीएम मोदी ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर रांची में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने संग्रहालय का भी अवलोकन किया और देखा कि किस तरह आदिवासियों ने अपनी वीरता और बलिदान के अलावा अपने जंगलों, भूमि अधिकारों और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

### पीएम के दौरे का है राजनीतिक महत्व

यह यात्रा राजनीतिक महत्व भी रखती है क्योंकि भाजपा का लक्ष्य 2024 के लोकसभा चुनाव व बड़ी आदिवासी आबादी वाले अन्य राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले झारखंड में आदिवासी मतदाताओं को लुभाना है।

### आदिवासियों के लिए बजट 6 गुना बढ़ा

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि विकसित भारत के संकल्प का एक प्रमुख आधार 'पीएम जनमन' या 'पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान' है। आदिवासी कल्याण के लिए बजट छह गुना बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार ने 75 ऐसे आदिवासी समुदायों और आदिम जनजातियों की पहचान की है जो देश के 22,000 से अधिक गांवों में रहते हैं।

### पीएम किसान योजना की किस्त जारी

मोदी ने देश भर के आठ करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को पीएम किसान योजना की 15वीं किस्त के रूप में 18,000 करोड़ रुपए भी जारी किए। पीएम ने यहां डिजिटल रूप से राशि हस्तांतरित की। योजना के तहत लाभार्थी किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपए की वित्तीय सहायता तीन समान किस्तों में हस्तांतरित की जाती है।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा:** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के बारे में उन्होंने कहा कि यह आज से शुरू होकर अगले साल 26 जनवरी तक चलेगी। इस यात्रा में सरकार मिशन मोड पर देश के हर गांव में जाएगी और हर गरीब एवं वंचित व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनाएगी।

**कांग्रेस ने उठाया सवाल:** इस बीच, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से ठीक दो दिन पहले धन जारी किए जाने पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या यह जानबूझकर किया गया है।

**आदिवासी संगठन** की चेतावनी

# मान्यता दें या न दें, हम स्व-शासन स्थापित कर लेंगे

**एजेंसी** | चूराचांदपुर/इंफाल

मणिपुर में कुकी-जो जनजातियों के अग्रणी संगठन, 'इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम' (आईटीएलएफ) ने बुधवार को उन क्षेत्रों में पृथक स्व-शासित प्रशासन स्थापित करने की धमकी दी, जहां ये आदिवासी बहुमत में हैं। दूसरी ओर पड़ोसी देश म्यांमार में सेना व विद्रोहियों के बीच जारी संघर्ष के कारण लोग पलायन कर मिजोरम आ रहे हैं। इससे भी भारत की चिंता बढ़ रही है।

आईटीएलएफ ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में छह महीने से अधिक समय से जारी जातीय संघर्ष के बाद भी केंद्र सरकार ने अब तक पृथक प्रशासन की उनकी मांग को स्वीकार नहीं किया है।

आईटीएलएफ के महासचिव मुआन टोम्बिंग ने कहा, अगर कुछ हफ्ते में हमारी मांग नहीं मानी गई तो हम अपने स्वशासन की स्थापना कर लेंगे, चाहे केंद्र इसे मान्यता दे या नहीं दे। उनकी टिप्पणी उस दिन आई है जब संगठन ने चूराचांदपुर में आदिवासियों की हत्या की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण से जांच की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया था।

### म्यामांर के अवैध प्रवासियों से बढ़ी चिंता, निष्कासन की मांग

राज्य की राजधानी इंफाल में स्थानीय लोगों ने राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने में मणिपुर सरकार की कथित असमर्थता के विरोध में प्रदर्शन किया इंफाल पश्चिम जिले के कीसंपत, उरीपोक और सिंगजामेई इलाकों में भी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने म्यांमार से बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासियों के प्रवेश को रोकने के लिए नारे लगाए और राज्य से उनके निर्वासन की मांग की। निंगोल चाकौबा उत्सव के अवसर को लेकर बुधवार को इंफाल घाटी के पांच जिलों में प्रमुख बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। मणिपुर में मई में शुरू हुए जातीय संघर्ष में 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

**केसीआर ने राहुल की टिप्पणी पर कसा तंज**

# मुसलमानों को लेकर कांग्रेस को घेरा

**एजेंसी** | हैदराबाद

कांग्रेस पर मुसलमानों को केवल 'वोट बैंक' के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने बुधवार को पूछा कि बाबरी मस्जिद का विध्वंस किसकी निगरानी में हुआ था। इसे किसने करवाया? इसे समझने की जरूरत है। निजामाबाद में एक चुनावी रैली में राव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' वाली टिप्पणी का परोक्ष संदर्भ देते हुए



यह बात कही। राव ने कहा कि अगर कोई धर्मनिरपेक्ष है, तो यह उसके काम में प्रतिबिंबित भी होना चाहिए। बीआरएस प्रमुख ने दावा किया, हम धर्म और समुदाय की परवाह किए बिना सभी के साथ समान व्यवहार करते हैं। आज भी, कांग्रेस नाटक करती है। राव ने कहा कि तेलंगाना के गठन से पहले अविभाजित आंध्र प्रदेश में कांग्रेस शासन के 10 वर्षों के दौरान अल्पसंख्यकों के कल्याण पर केवल 2,000 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, जबकि बीआरएस सरकार ने इस पर 12,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में 2014 के बाद से बीआरएस शासन के दौरान कोई सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है।

## चीनी युद्धपोतों पर भारत की नजर

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना पाकिस्तान में आयोजित युद्धाभ्यास में हिस्सा लेने के लिए जा रही चीनी पनडुब्बियों और युद्धपोतों पर करीब से नजर रखे हुए है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि चीनी युद्धपोतों और पनडुब्बियों के हिंद महासागर में दाखिल होने के साथ ही नौसेना ने उन पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। समुद्री सुरक्षा को लेकर पाकिस्तान के साथ होने वाले युद्धाभ्यास के लिए चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने अग्रिम मोर्चे के युद्धपोतों और पनडुब्बियों सहित कई पोतों को तैनात किया है।

## 80 घंटे से फंसे 40 लोग, जंगी मशीन पहुंची




*__उत्तरकाशी।__ यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग के एक हिस्से के ढहने से पिछले 80 घंटों से अधिक समय से वहां 40 श्रमिक फंसे हुए हैं। बचाव कार्यों को गति देने के लिए बुधवार को वायु सेना ने दिल्ली से विमानों के जरिए एक भारी ऑगर मशीन चिन्यालीसौड़ पहुंचाई। इसे सुरंग के अंदर प्लेटफार्म पर रखकर ड्रिलिंग शुरू की जाएगी।*

**छत्तीसगढ़ की चुनावी डायरी**

# चुनावी प्रहारों से गरमाई सियासत, राहुल गांधी व शाह ने साधा निशाना

**एजेंसी** | रायपुर

छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बुधवार को दिग्गज नेताओं की सभाओं में से राज्य का सियासी पारा चढ़ रहा। कांग्रेस नेता कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को राज्य के बेमेतरा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर जातिगत जनगणना की वकालत की और कहा कि जिस दिन देश के ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदायों को अपनी सच्ची आबादी पता लग जाएगा, उस दिन यह देश हमेशा के लिए बदल जाएगा। दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर हमला करते हुए कहा कि उनके शासन में छत्तीसगढ़ का बेमेतरा जिला 'लव जिहाद' का केंद्र बन गया है। साहू, कुर्मी और गोंड समुदाय इसके निशाने पर थे और भूपेश बघेल सरकार सोई रही।

राहुल ने अपनी चुनावी रैली में कहा, पीएम मोदी जाति जनगणना करें या ना करें, जिस दिन छत्तीसगढ़ में दोबारा कांग्रेस की सरकार आएगी जाति का सर्वे यहां शुरू हो जाएगा।



**राहुल:** जिस दिन जिस दिन छत्तीसगढ़ में दोबारा कांग्रेस की सरकार आएगी जाति का सर्वे यहां शुरू हो जाएगा। जिस दिन दिल्ली में हमारी सरकार आएगी पहला हस्ताक्षर जाति जनगणना पर होगा।



**अमित शाह:** छत्तीसगढ़ का बेमेतरा जिला 'लव जिहाद' का केंद्र बन गया है। साहू, कुर्मी और गोंड समुदाय इसके निशाने पर थे और भूपेश बघेल सरकार सोई रही

### बड़े उद्योगपतियों का कर्जा माफ करने का आरोप

राहुल ने कहा, केंद्र सरकार पर बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ करने का आरोप लगाया और कहा, हमारी जहां भी सरकार है कर्नाटक, छत्तीसगढ़ राजस्थान और हिमाचल में, मैंने सभी मुख्यमंत्रियों से कह दिया है कि जितना पैसा भाजपा के लोग अरबपतियों को और बड़े ठेकेदार को देते हैं उतना ही पैसा कांग्रेस को किसान, मजदूर, माताओं, बहनों के बैंक अकाउंट में डालना होगा....क्योंकि हम जानते हैं कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार और युवा चलाते हैं। कांग्रेस नेता ने इस दौरान पार्टी की घोषणा पत्र में लिखे वादों को लेकर जनता से कहा कि वह इन वादों का भरोसा करें और कांग्रेस की दोबारा सरकार बनाएं।

### सट्टेबाजी का केंद्र बना दिया दुर्ग संभाग: अमित शाह

शाह ने अपनी रैली में बघेल पर दुर्ग संभाग को शिक्षा केंद्र से सट्टेबाजी के केंद्र में बदलने का भी आरोप लगाया। शाह ने कहा, उन्होंने युवाओं को सट्टेबाजी के कारोबार में धकेलने का पाप किया है। भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए शाह ने बघेल पर छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का 'एटीएम' बनाने का आरोप लगाया। भाजपा ने साजा सीट से ईश्वर साहू को मैदान में उतारा है। ईश्वर साहू के बेटे भुनेश्वर साहू की इस साल अप्रैल माह में जिले के बिरनपुर गांव में सांप्रदायिक झड़प के दौरान हत्या हो गई थी। शाह ने कहा, ईश्वर साहू न सिर्फ उम्मीदवार हैं बल्कि वह न्याय की लड़ाई के प्रतीक हैं। भूपेश कक्का के शासन में सांप्रदायिक तत्वों ने साहू के बेटे भुनेश्वर साहू की पीट-पीटकर हत्या कर दी। भूपेश कक्का के लोगों ने ईश्वर को चेक और नौकरी की पेशकश करते हुए कहा कि वे न्याय न मांगें। लेकिन मैं ईश्वर को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने उसे अस्वीकार कर दिया और न्याय मांगा।

### 13 साल बाद करण जौहर के डायरेक्शन में काम करेंगे शाहरुख, रणवीर भी होंगे मूवी में

# रोमांटिक एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी FULL ACTION का लगाएगी तड़का

**बेधडक.जयपुर।** शाहरुख खान और करण जौहर का नाम आते ही आंखों के सामने तैर जाती हैं कई सुपरहिट रोमांटिक फिल्में। चाहे वह 'कुछ-कुछ होता है' हो, 'कभी अलविदा ना कहना' हो, 'कल हो ना हो' या फिर 'कभी खुशी, कभी गम' हो। ये ऐसी रोमांटिक फिल्में हैं, जिन्होंने किंग खान को बड़े पर्दे पर रोमांस का किंग बना दिया। एक्टर-डायरेक्टर की यह जोड़ी 13 साल बाद एक बार फिर साथ आ रही है। रुको जरा...। आप सोच रहे हो कि फिर कोई रोमाटिंक ड्रामा देखने को मिलेगा तो आप गलत ट्रेक पर हो। इस बार ट्विस्ट यह है कि दोनों किसी रोमांटिक मूवी के लिए कोलेब्रेट नहीं कर रहे हैं, बल्कि अबके दोनों ने एक्शन फिल्म के लिए हाथ मिलाया है और वह भी फुलटू एक्शन फिल्म के लिए।

#### रोमांस किंग अब एक्शन स्टार

शाहरुख खान इन दिनों जबरदस्त फोर्म में हैं। अपनी रुटीन की रोमांटिक छवि से हटकर। एक एक्शन हीरो के रूप में। दो-दो ब्लॉक बस्टर मूवीज के साथ। एक समय फ्रंट रो से एकदम गायब हुए शाहरुख खान ने यशराज की फिल्म पठान से जबरदस्त कमबैक किया। एक फाइटर के रूप में। लोगों ने शाहरुख के इस रूप को सर-आंखों पर बिठाया और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। अभी इसकी सफलता का शाहरुख मजा ले ही रहे थे कि साउथ के डाइरेक्टर एटली ने उन्हें एक और सुपरहिट दे दी। पठान से भी बड़ी ब्लॉक बस्टर जवान। दोनों मूवीज ने शाहरुख को फिल्म इंडस्ट्री में सही मायने में किंग खान बना दिया। यही कारण रहा कि टाइगर 3 में एक छोटे से कैमियो से शहरुख पूरी महफिल लूट ले जाते हैं। संभवत: करण जौहर शाहरुख की इसी छवि को भुनाना चाह रहे हैं। यही कारण है कि वो खुद अपने दायरे से बाहर निकलकर एक्शन फिल्म डाइरेक्ट करना चाह रहे हैं वह भी शाहरुख के साथ।





#### पहली बार एक्शन मूवी का करेंगे निर्देशन

करण जौहर की फिल्मोग्राफी पर नजर डालें तो उन्होंने अब तक जिन फिल्मों का डायरेक्शन किया है उनमें रोमांस ही हावी रहा है, या फिर इमोशंस का जबरदस्त तड़का रहा है। ऐसे में यह पहली बार होगा जब करण जौहर कोई एक्शन फिल्म डाइरेक्ट करेंगे वो भी अपने फेवरिट एक्टर शाहरुख खान के साथ। शाहरुख के साथ करण ने एक से एक बढ़कर हिट मूवीज दी हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि एक्टर-डाइरेक्टर की यह रोमांटिक-इमोशनल जोड़ी क्या जादू जगाएगी। बता दें कि शाहरुख और करण जौहर ने आखिरी बार 'माई नेम इज खान' में साथ काम किया था। यह मूवी 2009 में आई थी।

#### दो 'डॉन' एक साथ आएंगे नजर

सूत्रों के अनुसार करण जौहर की इस मूवी में दो डॉन नजर आएंगे। चौंक गए ना। चौंकिए मत हम स्पष्ट कर देते हैं कैसे? देखिए फरहान अख्तर ने एक फिल्म बनाई थी डॉन। अमिताभ बच्चन के लीड रोल वाली मूवी के रीमेक में शाहरुख खान ने डॉन का रोल किया था। दूसरे पार्ट में भी डॉन वही थे। तीसरे पार्ट में डॉन चैंज हुआ और यह रोल गिरा रणवीर सिंह की झोली में। सूत्रों की मानें तो अब करण जोहर की इस एक्शन फिल्म में शाहरुख के साथ रणवीर सिंह भी नजर आएंगे, तो हो गए ना दो डॉन एक साथ।

## गिफ्ट्स पाकर झुग्गी-झोपड़ियों के बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे



**बेधड़क. जयपुर।** बच्चों को जब उपहार मिले तो वे खुशी से उत्साहित दिखाई दिए। मौका था अनन्य सोच सेवा संस्था की ओर से मानसरोवर की झुग्गी-झोपड़ियों के बच्चों को चॉकलेट, बुक और खिलौने बांटकर खुशियां मनाने का। गिफ्ट्स पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर संस्था के अविनाश पाराशर, अर्चना बैराठी, चाइल्ड मॉडल अर्विक बैराठी समेट अन्य लोग मौजूद थे और उन्होंने दिवाली व चिल्ड्रंस डे के बारे में भी बच्चों को बताया।

## पर्यावरण प्रेमियों ने यंगस्टर्स को दिया ग्रीनरी का संदेश

**बेधड़क. जयपुर।** पर्यावरण प्रेमियों ने जयपुर में हरियाली को बढ़ाने का प्रयास किया और यंगस्टर्स को भी ऐसा करने का संदेश दिया। उन्होंने लोगों को ग्रीनरी की अहमियत समझाई तो कई सवाल भी सामने आए, जिनका जवाब उदाहरण सहित दिया गया। विद्याधर नगर के सेक्टर 10 में प्लॉट नंबर 1 से 6 वाली गली में इस दौरान श्रमदान किया गया। साथ ही पापड़ वाले हनुमान मंदिर के पास श्रमदान करके भगवान के दर्शन किए गए। ट्री एंबुलेंस ने दोपहर तक विद्याधर नगर की गलियों के पेड़ो की सार-संभाल कर उनको जिंदा रखने की पहल की।

## जयपुर के स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

**बेधड़क. जयपुर।** प्राचीन सांस्कृतिक केंद्र श्रीगैटेश्वर कला संस्थान की ओर से जयपुर का स्थापना दिवस मनाया जाएगा और इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्था मंत्री ओपी चांडक ने बताया कि जयपुर की नींव महाराजा सवाई जयसिंह II ने 18 नवंबर 1727 को रखी थी। इसी कड़ी में गुलाबी नगर के 296 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था की ओर से स्थापना दिवस ऐतिहासिक गैटोर की छतरियां ब्रह्मपुरी स्थित सवाई जयसिंह के स्मारक पर होगा। जयपुर के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से स्टूडेंट्स को इनवाइट किया गया है, जो ऐतिहासिक स्थलों के चित्र बनाएंगे।

# City इवेंट्स

## दिव्यदर्शन कार्यक्रम में युवाओं को शिक्षा से जोड़ने का दिया संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** टैगोर पब्लिक स्कूल बगवाड़ा में वार्षिकोत्सव (दिव्यदर्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसएमएस मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के प्रोफेसर डॉ. सुधीर भंडारी थे तो जेएलएन मेडिकल कॉलेज व अस्पताल अजमेर के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. वीर बहादुर सिंह व टैगोर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस निदेशक पीडी सिंह मौजूद रहे। बाल कलाकारों ने नृत्य नाटिकाओं व सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति से समां बांधा। डॉ. भंडारी ने आधुनिक शिक्षा चिकित्सा क्षेत्र के प्रचार-प्रसार तथा समुचित उपयोग पर बल दिया। संस्था प्रमुख शिवानी राठौड़ मेहता व प्रशासन प्रमुख प्रखर मेहता ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए शिक्षा से वंचित युवाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करने का संदेश दिया।

## राजस्थान गोल्फ टीम ने राष्ट्रीय खेल-2023 में जीता कांस्य

**बेधड़क. जयपुर।** नई दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित हुए 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में राजस्थान गोल्फ टीम ने कांस्य पदक जीता। राजस्थान के गिर्राज सिंह खड़का और सवाई एचएस भाटी ने राज्य के लिए कांस्य पदक (584) पर कब्जा जमाते हुए दमखम दिखाया। दोनों ही प्लेयर्स जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब के सदस्य हैं। प्रतियोगिता में 17 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया था। वहीं, अन्य 2 टीमें दिल्ली और चंडीगढ़ से थीं। दिल्ली टीम में सचिन बैसोया और शौर्य भट्टाचार्य शामिल थे और उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में पुरुष टीम स्पर्धा में कुल 579 के स्कोर के साथ 3 शॉट के अंतर से स्वर्ण पदक जीता। चंडीगढ़ के आदिल बेदी और अनंत सिंह अहलावत ने रजत पदक (582) हासिल किया।

## एशियन यूथ थिएटर फेस्टिवल में जयपुर के आर्टिस्ट करेंगे 'नाटक'



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की कला एशिया देखेगा, क्योंकि एशियाई देशों के लिए होने वाले एशियन यूथ थिएटर फेस्ट में इस बार जयपुर के कलाकार नाटक लेकर जाएंगे। यर्थाथ सोसायटी थिएटर ग्रुप के युवा कलाकार फेस्ट में नाटक मकतूब की प्रस्तुति देंगे और अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। नाटक के जरिए भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई जाएगी और युवा अभिनय से कहानी को जीवंत करेंगे।

### जयपुराइट्स ने अपने अंदाज में सेलिब्रेट की भाई दूज

## बहन ने भाई की कलाई पर बांधा सूत्र तो भगवान को बांधी मौली



बेधड़क | जयपुर

दीपोत्सव के बाद जयपुराइट्स में सबसे ज्यादा क्रैज भैया दूज का रहता है। इस बार भी हर उम्र के लोगों ने गुलाबी नगरी में यह त्योहार अपने-अपने अंदाज में मनाया। सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में देखा गया, क्योंकि उपहारों की बहार उनको पसंद आई।

शुभ मूहूर्त में बहन ने भाई की कलाई पर मोल बांधकर तिलक किया और भाई ने बहन को गिफ्ट्स देते हुए खुशियां बांटी। इस दौरान बनीपार्क के गौरांश, पूर्वी, राधे और रिद्दी ने भाई दूज की खुशियां बांटी। दूसरी ओर जयपुराइट्स ने मंदिरों में भी भगवान को मौली बांधकर भाई दूज का त्योहार मनाया।

भक्त शहर के आराध्य के यहां पहुंचे और पूजा-अर्चना की। अन्य मंदिरों में महिलाओं ने भगवान को धागा बांधा और परम्परा निभाई। इस दौरान मंगल गीत गाए गए और कुछ स्थानों पर भंडारे का आयोजन हुआ। जय गुरु देव संगत जयपुर की ओर से आश्रम में भंडारे का आयोजन किया गया।

संगत ने शिरकत की और सत्संग वचनों का आयोजन किय गया। भक्तों ने नाच-गाने के साथ सत्संग का लुत्फ उठाते हुए भाई दूज का त्योहार मनाया। बड़ी संख्या में भाई-बहन ने भंडारे और सत्संग में हिस्सा लेते हुए खुशियां बांटी।

## काला पानी का सेट आज भी बरकरार



**जयपुर।** जयपुराइट्स को सर्वाइवल ड्रामा 'काला पानी' का सीजन 2 जल्द देखने को मिलेगा। दिवाली के सरप्राइज गिफ्ट के दौरान इसकी घोषणा कर दी गई और सीजन-1 के सेट को भी बरकरार रखा गया है। इसके लिए प्रोडक्शन डिजाइनर राकेश यादव ने काला पानी के सेट को जीवित रखा और उनको यकीन था कि पहले पार्ट की सफलता के बाद जयपुराइट्स के साथ पूरा देख दूसरे पार्ट का इंतजाकर करेगा। उनके अनुसार काला पानी उनके दिल के बहुत करीब है। बात की जाए सेट की तो वहां सेट पर जापानी बंकर की झलक दिखती है। यही कारण था कि सेट बनाते हुए जापानी बंकरों की संरचना को ध्यान में रखा गया। बंकरों की जटिलताओं को समझने के लिए रिसर्च की। ऐसे में पूरी टीम पर गर्व है। साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल सिनेमा और प्रोडेक्शन डिजाइन को भी समझाया। काला पानी सीजन 2 नेटफिलिक्स में ऑन एयर की जाएगी।

## टेक्नोलॉजीज के सहयोग से फैकल्टी को किया डेवलप



**बेधड़क. जयपुर।** मणिपाल यूनिवर्सिटी में 'एसएएस का उपयोग कर एनालिटिक्स' विषय पर फेकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम (एफडीपी) आयोजित किया। उद्देश्य संकाय सदस्यों को विश्लेषण के क्षेत्र में नवीन अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक ज्ञान के साथ सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण सत्रों को एसएएस का उपयोग कर विश्लेषण की व्यापक कवरेज देने के लिए डिजाइन किया गया था, जिसमें कई सवालों के जवाब देते हुए इसकी उपयोगिता समझाई गई। इस दौरान कुल 77 संकाय सदस्यों ने 'एसएएस का उपयोग कर एनालिटिक्स' विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया। विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों के विविध समूह ने शैक्षणिक और व्यावसायिक सेटिंग्स में एनालिटिक्स के महत्व की रुचि और मान्यता को रेखांकित किया। एसएएस इंस्टीट्यूट (इंडिया) से मधुरा तेंदुलकर और फ्रेडी ने एसएएस प्रशिक्षण के प्रमुख फोकस क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण सत्र अक्षय दीक्षित और जॉन कॉटिन्हो द्वारा दिया गया। डॉ. अरुण शानबाग डीन और डॉ. संदीप चौरसिया निदेशक ने टीम को बधाई दी। एफडीपी का आयोजन स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग विभाग के साथ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डेटा साइंस और मेक्ट्रोनिक्स विभागों द्वारा किया गया।

## अर्विक ने लगाए बच्चों संग ठुमके

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में चिल्ड्रेन्स डे के मौके पर बच्चों को चॉकलेट, बुक और खिलौनों का वितरण किया गया। चॉकलेट व अन्य चीज देने के साथ ही उनको इस दिन का महत्व भी बताया गया। इस दौरान चाइल्ड मॉडल अर्विक बैराठी ने बच्चों के साथ डांस स्टेप करके उन्हे डांस भी सिखाएं। उनको चाचा नेहरू के बारे में बताया गया तो वे रोमांचित हो उठे।

**वर्कशॉप** 10 दिवसीय आयोजन में देश के हर कोने से शामिल हुए कलाकार

# 61 चित्रकारों ने सृजन से किया संस्कृति को साकार

बेधड़क | जयपुर

जब 61 कलाकारों ने कला की बानगी पेश की तो विभिन्न रूपों में कला के दर्शन हुए। समकालीन विषयों और घटनाओं पर आधारित चित्रण में अभिव्यक्ति देखने को मिली। ये थे कलावृत्त की ओर से राजस्थान ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकार व मूर्तिकार कलागुरु डॉ. सुमहेन्द्र को समर्पित कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले विभिन्न कलाकार, जिन्होंने कार्यशाला के चतुर्थ संस्करण में हिस्सा लिया। इस दौरान देशभर के 61 चयनित चित्रकारों ने अपने-अपने स्टूडियो में चित्रण कर अपनी अभिव्यक्ति को रेखांकित करते हुए सृजन दर्शाया तो हर कोई रोमांचित हो उठा। इस दौरान पूरे देश की संस्कृति एक मंच पर दिखाई दी।



#### नई विधा को दिया जा सकता है जन्म

कलावृत्त अध्यक्ष संदीप सुमहेन्द्र ने बताया कि लघु चित्रण को नए आयाम देते हुए समसामयिक घटनाओं के विषय-प्रधान चित्रण के उद्देश्य से विशेष कार्यशाला आयोजित की जाती है। हमारा मानना है कि देश की विश्वप्रसिद्ध कला शैलियों की तकनीक को आधार बनाकर युवा चित्रकार अपने सृजन के लिए नई विधा को जन्म दे सकते हैं और कला क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं।

#### इन राज्यों ने लिया हिस्सा

'राष्ट्रीय समसामयिक लघु चित्रण' की 10 दिवसीय कार्यशाला में सभी ने एक-दूसरे को मोटिवेट किया। परम्परागत शैलियों की तकनीक को आधार बनाकर समसामयिक विषयों का सृजन करते देश के अलग-अलग राज्यों के 61 चित्रकारों कला पर विचार दर्शाए। इस दौरान इस कार्यशाला में राजस्थान, पंजाब, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, बंगाल आदि राज्यों के अलग-अलग शहरों से चित्रकारों ने भाग लिया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 16 नवंबर, 2023



माना कि किताबों की बहुत अहमियत है, लेकिन सबक वही याद रहता है जो वक्त सिखाता है।



**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## चार्ल्स तृतीय ने मनाया अपना 75वां जन्मदिन



*लंदन। ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय ने अपना 75वां जन्मदिन लंदन के अपने शाही महल बकिंघम पैलेस में विभिन्न भारतीय नर्स और दाई के लिए विशेष अभिनंदन समारोह की मेजबानी कर मनाया गया। समारोह में भारत, फिलीपीन, श्रीलंका, नेपाल और केन्या जैसे देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली लगभग 400 नर्स और दाई शामिल हुईं।* **फोटो - पीटीआई**

### उत्तरी म्यांमार में नस्ली प्रतिरोध समूह का दावा

# सेना की बटालियन का आत्मसमर्पण!

**एजेंसी** | बैंकॉक

चीन से लगी सीमा के पास तैनात म्यांमार की सेना की एक पूरी बटालियन ने नस्ली सशस्त्र समूहों के गठबंधन के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सशस्त्र समूहों में से एक के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। गठबंधन ने पिछले महीने सेना के खिलाफ एक आश्चर्यजनक हमला शुरू किया था। पूर्वोत्तर शान राज्य में पैदल सेना बटालियन से 261 लोगों-127 सैनिकों और उनके परिवार के 134 सदस्यों का आत्मसमर्पण, म्यांमार में 2021 में व्यापक सशस्त्र संघर्ष छिड़ने के बाद नियमित सैन्य



बलों द्वारा किया गया सबसे बड़ा आत्मसमर्पण प्रतीत होता है। सेना ने फरवरी 2021 में आन सान सू ची की निर्वाचित सरकार से सत्ता छीन ली थी।

सैन्य सरकार ने इस आत्मसमर्पण की पुष्टि नहीं की है और 'एसोसिएटेड प्रेस' भी स्वतंत्र रूप से इसकी प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका है। यह आत्मसमर्पण खुद को 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' कहने वाली अराकान सेना, म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी और तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी द्वारा 27 अक्टूबर को सैन्य सरकार के खिलाफ एक समन्वित आक्रमण शुरू करने के दो सप्ताह बाद हुआ।

### फिर मिजोरम में घुसे सैनिक

म्यांमार के चिन राज्य में मिलिशिया समूह पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) द्वारा एक सैन्य शिविर पर कब्जा करने के बाद दो और जवान भागकर मिजोरम पहुंचे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि म्यांमार के दो सैनिक मिजोरम में दाखिल हुए। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि केंद्र के निर्देश के अनुसार जवानों को असम राइफल्स को सौंप दिया गया और उन सभी को भारतीय रक्षा अधिकारियों ने हवाई मार्ग से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक म्यांमार के कुल 45 जवान भागकर मिजोरम आ चुके हैं। अधिकारी ने बताया कि 39 जवानों को असम राइफल्स ने मंगलवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और बाकी अन्य छह जवानों को बुधवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

### इजराइल का दावा-अल शिफा में हमास का अड्डा

# अस्पताल में मिले आतंकी बुनियादी ढांचे व हथियार

**एजेंसी** | गाजा

गाजा पट्टी में अल शिफा अस्पताल के भीतर चल रहे छापे के दौरान इजराइली सैनिकों को हथियार और आतंकवादी बुनियादी ढांचे मिले। समाचार एजेंसी ने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, हालांकि रात में सैनिकों के पहुंचने के बाद अस्पताल परिसर के अंदर कोई झड़प नहीं हुई। अस्पताल में तब चिकित्सा कर्मचारी और मरीज ही थे। ये सभी घटनास्थल से अलग सेक्शन में खड़े थे।

अधिकारी ने कहा कि आईडीएफ सैनिकों को पहले ही



हथियार और अन्य आतंकी ढांचे मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस बात के पुख्ता सबूत देखे कि हमास के आतंकवादियों ने शिफा अस्पताल को आतंकी मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि सबूत बाद में पेश किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद सटीक और लक्षित ऑपरेशन है। हमारी सेनाएं शिफा अस्पताल परिसर के एक विशिष्ट क्षेत्र में मौजूद हैं।

### गोलीबारी में मारे गए 4 आतंकवादी

अधिकारी ने कहा कि अल शिफा के बाहर जब इजराइली सैनिकों ने परिसर में प्रवेश करने की कोशिश की तो गोलीबारी में चार आतंकवादी मारे गए। सैनिकों ने जिस क्षेत्र की तलाशी ली थी, वहां कुछ लोग पाए गए हैं और उनसे पूछताछ की थी। उन्होंने बताया कि जहां तक मुझे पता है उनमें से एक हमास का आदमी है। इससे पहले इजराइल ने कहा था कि हमास ने गाजा के अस्पताल का इस्तेमाल ऑपरेशन के लिए किया है।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने की चुनाव तिथि की घोषणा

# बांग्लादेश में 7 जनवरी को होंगे आम चुनाव

**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश में अगले साल सात जनवरी को आम चुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त काजी हबीबुल अवल ने राष्ट्र के नाम एक संबोधन के दौरान चुनाव तिथि की घोषणा की। चुनाव की तारीखों का ऐलान तब हुआ है जबकि विपक्षी बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी जैसे उसके धुर दक्षिणपंथी सहयोगियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए एक अभियान चलाया हुआ है। इन विपक्षी दलों की मांग है कि देश में शेख हसीना की सरकार को हटाकर एक अंतरिम सरकार का गठन किया जाना चाहिए और उसके नेतृत्व में ही आम चुनाव कराए जाने चाहिए।

### विपक्षी दल 28 अक्टूबर से कर रहा है आंदोलन

बांग्लादेश में 28 अक्टूबर से विपक्षी दल अपनी मांग के समर्थन में वाहनों की नाकेबंदी कर रहे हैं तथा पुलिस और प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के साथ उनकी झड़पें हो रही हैं। देश में पिछले तीन हफ्तों में हुई राजनीतिक हिंसा में एक पुलिसकर्मी समेत कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक देशव्यापी स्तर पर की गई कार्रवाई में बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर समेत करीब 8,000 विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।




# छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त

**एजेंसी** | प्रोवो

अमेरिका के ऊटाह में साल्ट लेक सिटी के दक्षिण में एक छोटे विमान के पहाड़ियों में दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। ऊटाह काउंटी शेरिफ के सार्जेंट स्पेंसर कैनन ने बताया कि विमान अज्ञात कारणों से हल्की बर्फ से घिरे पहाड़ी इलाके में पेड़ों से टकरा गया, जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा घायल हो गया। कैनन के मुताबिक, बचावकर्मियों ने घायल व्यक्ति को मलबे से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति बोलने और चलने-फिरने में सक्षम है, जो एक अच्छा संकेत है। कैनन ने कहा कि विमान ने कहां से उड़ान भरी थी और कहां जा रहा था, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है। मृतकों और घायलों की पहचान भी नहीं की जा सकी है।

# टैक्सी-ट्रक भिड़ंत, 22 मरे

**एजेंसी** | हरारे

दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में एक मिनीबस टैक्सी की ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। इसमें 22 लोगों की जान चली गई। पुलिस के प्रवक्ता पॉल न्याथी ने बताया कि मंगलवार की रात को हुए इस हादसे में घायल दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। न्याथी ने बताया कि यह दुर्घटना देश के दूसरे सबसे बड़े शहर बुलावायो को पड़ोसी दक्षिण अफ्रीका की सीमा से लगे शहर बीटब्रिज से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई। जिम्बाब्वे में सड़क दुर्घटनाएं आम होती जा रही हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि कुछ चालकों द्वारा वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक सामान लादा जाता है या वाहनों को निर्धारित गति से अधिक गति से चलाया जाता है। यहां की खराब सड़के भी हादसों की वजहों में से हैं। हालांकि हाल के वर्षों में कुछ प्रमुख राजमार्गों के सुधार का काम किया गया है।

### PTI ने SC से की रिहाई की गुहार

# जेल में इमरान खान के 100 दिन पूरे

■ इमरान अपने सिद्धांतों तथा दावे पर कायम रहे

**एजेंसी** | लाहौर

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के जेल में 100 दिन पूरे होने पर उनकी पार्टी ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से उनकी तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने एक बयान में कहा कि हत्या के प्रयास में गोली मारे जाने से लेकर उनके घर पर हमला, तोड़फोड़, आंसू गैस का इस्तेमाल और अब अवैध रूप से एक छोटी सी कोठरी में कैद किए जाने से लेकर न्याय तक पहुंच से वंचित किए जाने तक इमरान खान अपने सिद्धांतों तथा अपने हर शब्द और दावे पर कायम रहे हैं। खान 26 सितंबर को जिला जेल अटक से स्थानांतरित किए जाने के बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।



### जेल में खान और कुरैशी ने खुद को बताया निर्दोष

गोपनीय दस्तावेज लीक होने के मामले में उनके करीबी सहयोगी और पूर्व विदेश मंत्री 67 वर्षीय शाह महमूद कुरैशी को भी इसी जेल में रखा गया है। खान और कुरैशी ने खुद को निर्दोष बताया है। पीटीआई ने कहा कि खान को अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने, गलत चीजों से समझौता न करने और संविधान की गरिमा की बहाली के लिए आवाज उठाने के कारण दंडित किया जा रहा है। इसने खान की तत्काल रिहाई की मांग की और कहा कि सरकार द्वारा की जा रही उनकी पार्टी को कुचलने की कवायद पर तुरंत अंकुश लगाया जाना चाहिए। इसने उच्चतम न्यायालय से देश को एक बड़ी आपदा से बचाने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने का आग्रह किया। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि आम चुनाव आठ फरवरी, 2024 को होगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl